# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 26 सितंबर 2026

संवत 2083, भाद्रपद शुक्ल 15 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 22 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▸▸ कहां लेकर जाएगी मोबाइल की दीवानगी?

हार्दिक पंड्या फिर चोटिल, न्यूज़ीलैंड सीरीज खेलने पर संशय ◂ 6


## एशियन गेम्स 2026: भारतीय महिला कबड्डी टीम ने रचा इतिहास, जीता स्वर्ण



**नागोया/एजेंसी :** जापान के नागोया में खेले जा रहे एशियन गेम्स 2026 में भारत का स्वर्णिम अभियान पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचते हुए देश को टूर्नामेंट का तीसरा गोल्ड मेडल दिला दिया है। बेहद रोमांचक और सांसें रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में भारत ने ईरान की मजबूत टीम को 37-34 के अंतर से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही भारतीय बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कबड्डी के मैदान में तिरंगे की शान को कोई चुनौती नहीं दे सकता।

संजू देवी की धाकड़ रेडिंग, ईरान की वापसी पर भारी पड़ा भारत का दमः मुकाबले की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए पहले हाफ में 22-16 की मजबूत बढ़त बना ली थी। हालांकि, दूसरे हाफ में ईरान ने जबर्दस्त पलटवार किया और एक वक्त स्कोर 27-26 तक पहुंचाकर मुकाबले को बेहद कशमकश में डाल दिया। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने धैर्य नहीं खोया और अपनी बढ़त को बनाए रखा। फाइनल में स्टार रेडर संजू देवी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए अहम मौकों पर अंक बटोरे और भारत की खिताबी जीत पर मुहर लगा दी। टीम की कोच ने टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास से कहा था कि कबड्डी भारत की अपनी मिट्टी का खेल है और यहां हमें कोई नहीं हरा सकता, जिसे खिलाड़ियों ने सच कर दिखाया।

**अजेय रहकर चैंपियन बनी टीम इंडिया, टूर्नामेंट में ऐसा रहा सफर :** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम पूरे सफर में अपराजेय रही। भारत ने अपने अभियान का आगाज बांग्लादेश को 42-21 से रौंदकर किया था। इसके बाद ग्रुप स्टेज में ईरान को 37-23 से और मेजबान जापान को 50-25 के भारी अंतर से हराकर ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में भारत ने नेपाल को एकतरफा मुकाबले में 48-24 से पटखनी देकर फाइनल में जगह बनाई थी, जहां एक बार फिर ईरान को पटकनी देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

**एशियाई खेलों में भारत की बादशाहत बरकरारः** एशियाई खेलों में कबड्डी के मंच पर भारत का ऐतिहासिक दबदबा रहा है। साल 1990 में कबड्डी को एशियन गेम्स में शामिल किए जाने के बाद से भारतीय टीमों ने कुल पदकों में अपना एकछत्र राज कायम रखा है। पुरुष टीम ने अब तक 9 पदकों में से 8 स्वर्ण पदक जीते हैं (केवल 2018 में कांस्य मिला था), और अब महिला टीम ने नागोया में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के इस पारंपरिक खेल की श्रेष्ठता को फिर से कायम कर दिया है।

# सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिग की मौत

## रिम्स में चल रहा था इलाज



मेट्रो रेज

**रांची :** गुमला जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जिले की एक 13 वर्षीय मासूम बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद मौत हो गयी। बच्ची का रांची के रिम्स में इलाज चल रहा था। इलाज के क्रम में बच्ची ने आज शनिवार को दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि 4 से 5 लड़कों ने बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बच्ची गुरुवार को काफी देर से लापता थी। परिजनों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। इसी बीच रात करीब 7:30 बजे कुछ लड़कों ने बच्ची को घर के पास लाकर छोड़ दिया। वह अर्धनग्न अवस्था में बेसुध पड़ी थी। किशोरी कुछ भी बताने में असमर्थ थी। परिजन तत्काल उसे घर के अंदर ले गए। वह कुछ भी बोलने में असमर्थ थी। उसके गले व शरीर में चोट के निशान थे। वहीं उसके आंतरिक अंगों से खून का रिसाव हो रहा था। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे रात में ही कोलेबिरा अस्पताल लेकर गए जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे उसे रिम्स रेफर किया गया।

पूरे मामले में सबसे चिंता जनक बात यह रही की पुलिस उसके साथ नहीं थी। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना पालकोट थाना को दी गई थी। पालकोट पुलिस व एक महिला पुलिस को साथ में रहना था उसका मेडिकल करना था लेकिन यह प्रक्रिया भी नहीं की गई।

## स्वर्णरेखा नदी में पलटी नाव, तेज बहाव में बहे दो युवक, तलाश जारी

### मछली पकड़ने के दौरान हुआ हादसा

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित स्वर्णरेखा नदी में शुक्रवार देर रात नाव पलटने से दो युवक तेज बहाव में बह गए। हादसे के बाद से दोनों लापता हैं। शनिवार सुबह से स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की मदद लेने की भी तैयारी की जा रही है। लापता युवकों की पहचान बारीडीह मीरा पथ निवासी अमित कुमार उर्फ गजनी और जमशेदपुर स्कूल के पास रहने वाले अमित कुमार उर्फ बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों अच्छे तैराक थे और अक्सर स्वर्णरेखा नदी में मछली पकड़ने जाते थे।



जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात दोनों अपने साथी विक्की के साथ नाव से मछली पकड़ने नदी में गए थे। नदी के बीच पहुंचने के दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई। हादसे के बाद विक्की किसी तरह तैरकर नदी से बाहर निकल आया, लेकिन अमित और बिट्टू तेज बहाव में बह गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय युवकों ने रात में ही नदी किनारे दोनों की तलाश शुरू कर दी। युवकों ने लुआबासा पुल तक खोजबीन की। लेकिन अंधेरा और नदी का तेज बहाव होने के कारण पानी में उतरकर खोजना संभव नहीं था। शनिवार सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में बड़े स्तर पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। इसके अलावा नदी तट पर दोनों युवकों के परिजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी है।

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। फिलहाल नदी में दोनों युवकों की तलाश जारी है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रांची एयरपोर्ट के पास कार की टक्कर से वृद्ध की मौत

**रांचीः** राजधानी रांची में एयरपोर्ट के समीप हुंडरू बस्ती निवासी लक्ष्मण गोप की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना में एक सेना के जवान जॉर्ज वीनस कुजूर का नाम सामने आया है। परिजनों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के दौरान जॉर्ज वीनस कुजूर अपनी क्रेटा कार चला रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोप है कि कार से लक्ष्मण गोप को पहले टक्कर मारी गई। इसके बाद उन पर दोबारा गाड़ी चढ़ाने का आरोप है। हादसे के बाद चालक के मौके से भागने की कोशिश करने की बात भी सामने आई है। आसपास मौजूद लोगों ने कथित तौर पर पीछा कर चालक को पकड़ लिया और बाद में पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद लक्ष्मण गोप को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।नशे में वाहन चलाने का दावा, जांच में पुष्टि नहीं3 घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की ओर से दावा किया गया कि चालक नशे की हालत में था। पुलिस द्वारा चालक को जांच के लिए चुटिया थाना ले जाया गया।

# चौपारण ज्वेलरी कारोबारी के घर डकैती

## हथियार के बल पर नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात की लूट

**हजारीबागः** चौपारण थाना क्षेत्र में हथियारबंद अपराधियों ने ज्वेलरी कारोबारी के घर और दुकान को निशाना बनाकर बड़ी डकैती की घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार देर रात करीब 10.30 बजे हुई वारदात में अपराधियों ने परिवार के सदस्यों को बंधक बनाया और हथियार के बल पर घर तथा दुकान में रखे लॉकर और अलमारियां खुलवाकर नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। घटना जीटी रोड स्थित सिंघरावां मोड़ से करीब 200 मीटर दूर लराही रोड की बताई जा रही है। यहां ज्वेलरी की दुकान के साथ कारोबारी का आवास भी है। रात के समय हथियारबंद अपराधी घर में दाखिल हुए और परिवार के लोगों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उन्होंने बारी-बारी से घर और दुकान में रखे लॉकर तथा अलमारियों की तलाशी ली और कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

दो मोबाइल भी ले गए अपराधीः डकैती के दौरान अपराधी परिवार के दो मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए। बताया गया कि वारदात के बाद एक मोबाइल फोन आसपास के इलाके में फेंक दिया गया, जबकि दूसरे मोबाइल का लोकेशन गुरपा-गझंडी क्षेत्र की ओर मिला और बाद में वह स्विच ऑफ हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः पुलिस ने अपराधियों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। घटना के तरीके और अपराधियों के भागने के संभावित रास्तों की भी जांच की जा रही है। पुलिस की ओर से संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी किए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल लूटे गए नकदी और जेवरात की कुल कीमत का आधिकारिक आकलन सामने नहीं आया है। पुलिस पीड़ित परिवार से विस्तृत जानकारी लेकर नुकसान का आंकड़ा जुटा रही है।

रिहायशी इलाके में ज्वेलरी कारोबारी के घर हथियार के बल पर हुई इस डकैती से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। खासकर जीटी रोड से सटे इलाकों में रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

## योगा टीचर राजा कुमार वर्मा की वियतनाम में सड़क दुर्घटना में मौत

मेट्रो रेज

**रांचीः** सुखदेव नगर थाना अंतर्गत, कुमार टोली चुना भट्ठा, नारायण प्रजापति पथ निवासी राजा कुमार वर्मा, पिता उमेश कुमार वर्मा, उम्र 26 वर्षीय का निधन वियतनाम में एक रोड एक्सीडेंट में बीते दिवस शाम में हो गया। मृतक राजा कुमार वर्मा वियतनाम में योगा टीचर के रूप में कार्यरत थे। वियतनाम में एक निजी घर में प्रशिक्षण देकर अपनी स्कूटी से कार्यालय वापस लौट रहे थे। इसी दौरान इनका स्कूटी अनबैलेंस होकर एक कार से टकरा गया, जहां मौके पर उनकी मौत हो गई। मृतक के पार्थिव शरीर को रांची वापस लाने की प्रक्रिया जारी है। सोमवार को शाम तक पार्थिव शरीर रांची वापस आ सकता है।



# हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति केस : जेएसएससी ने संशोधित स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट कमीशन को सौंपा




**रांची :** वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने शनिवार को शिक्षक नियुक्ति से जुड़े (स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 ) मामले की ऑनलाइन सुनवाई की। इस दौरान फैक्ट फाइंडिंग कमीशन को जेएसएससी की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सरकार द्वारा बनाई गई विषयवार एवं कोटिवार संशोधित स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट कमीशन को उपलब्ध करा दी गई है। मामले में राज्य सरकार की ओर से ओर से भी बताया गया कि आवश्यक दस्तावेज कमीशन को उपलब्ध करा दिए गए हैं। जेएसएससी की ओर से अभ्यार्थियों के उपलब्ध कराए गए डाटा के आधार पर सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर दिया है। इस पर कमीशन ने कहा कि प्रार्थियों को जेएसएससी द्वारा उपलब्ध कराए गए संशोधित स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट नेट के माध्यम से कमीशन द्वारा उपलब्ध करा दिए जाएंगे। सुनवाई के बाद कमीशन ने कहा कि अब मामले की फाइनल सुनवाई 4 अक्टूबर से हाईकोर्ट के पुराने बिल्डिंग में शुरू होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता, अधिवक्ता राजेश कुमार, अधिवक्ता अमृतांश वत्स और अन्य ने ऑनलाइन रूप से कमीशन के समक्ष अपना पक्ष रखा। बता दें कि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मीना कुमारी और अन्य के मामले में 257 याचिका पर फैसला सुनाते हुए फैक्ट फाइंडिंग कमीशन को 3 माह में जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कमेटी का अध्यक्ष हाईकोर्ट की सेवानिवृत जस्टिस गौतम कुमार चौधरी को बनाया गया है। जांच रिपोर्ट पेश करने का फैक्ट फाइंडिंग कमीशन का निर्धारित समय पूरा हो गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने इस समय सीमा को 3 महीने के लिए और बढ़ा दिया है।

उल्लेखनीय हैं कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन द्वारा हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति में हुई गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। वर्ष 2016 में जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके माध्यम से 17786 शिक्षकों की नियुक्ति होनी थी। लगभग 10,000 सीटों पर नियुक्ति हुई है। शेष पद रिक्त पड़े हुए हैं।

यह नियुक्ति जिलावर मेरिट लिस्ट और स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट के आधार पर की गई है। एक ही नियुक्ति परीक्षा में दो तरह का मेरिट लिस्ट होने से हजारों योग्य अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित हो गए हैं।

## पूछताछ व जांच में सहयोग के लिए व्हाट्सएप पर नोटिस मान्य नहीं, आरोपी तक पहुंचाना होगा

**रांचीः** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को पूछताछ करने या जांच में सहयोग के लिए व्हाट्सएप ई-मेल या किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नोटिस देना मान्य नहीं होगा। यह आदेश उन मामलों में लागू होगा जिन आरोपों में सात साल या उससे कम की सजा का प्रावधान है। यानि बीएनएसएस की धारा 35(3) में। ऐसे मामलों में आरोपी को भौतिक रुप से नोटिस देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई के मामले में 16 जनवरी 2025 को ही दिया था। लेकिन कुछ राज्यों की पुलिस इसे अमल में नहीं ला रही थी। पुलिस के अधिकारी वाट्सएप पर नोटिस भेज देती थी। दो दिन पहले इससे जुड़ा एक मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों की पुलिस को एक आदेश जारी कर कहा है कि वह इसे लागू करे। ताकि इस प्रक्रिया की वजह से किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। जानकारी के मुताबिक बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत पुलिस किसी भी आरोपी को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए थाना बुलाती है। आरोपी को अनुसंधान में पुलिस का सहयोग करने को कहा जाता है। इनमें ऐसे आरोप शामिल हैं, जिसमें सात साल या उससे कम की की सजा का प्रावधान है। ऐसे कई मामले आये, जिनमें पुलिस ने वाट्सएप पर नोटिस भेज दिया और फिर आरोपी पर यह आरोप लगा कि उसने नोटिस का तामिला नहीं किया।

## प्रेरणा ज्वेलर्स से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपाटोली के बांधगाड़ी में स्थित मुख्य मार्ग पर चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने प्रेरणा ज्वेलर्स नाम की आभूषण दुकान को निशाना बनाते हुए वहां रखे कीमती जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया है। आभूषण की दुकान स्थानीय व्यवसायी अरविंद वर्मा की है। मुख्य सड़क पर स्थित दुकान में हुई इस भीषण चोरी से आसपास के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्थित होने के बावजूद पुलिस गश्ती टीम की नजर इस पर नहीं पड़ी।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक अरविंद वर्मा ने तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि अपराधियों का सुराग लगाया जा सके।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## गौतम बुद्ध आवासीय विद्यालय मुरी के संस्थापक का निधन

**मुरीः** मुरी गौतम बुद्ध आवासीय विद्यालय के संस्थापक अरूण महतो के निधन पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र- छात्राओं के बीच शोक व्याप्त है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र दास ने कहा कि विद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति हैं। श्री महतो व्यक्तिगत साहस, संवेदनशील और सामाजिक प्रतिबद्धता के प्रतीक थे। ड्डाले ही आज हमारे बीच नहीं है लेकिन इनकी समाजिक सेवा लोगों के दिल में बसी हैं। हमने सजग प्रहरी,एक संवेदनशील इंसान और समर्पित योद्धा को खो दिया है। विद्यालय परिवार द्वारा ड्डावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। श्री महतो को पैतृक गांव सोनाहातु के चरकुडीह गांव में है ।गांव में ड्डीउन्होंने मारंकिनी बुद्ध विहार की स्थापना की। वे समाज सेवी थे। श्री महतो इलाहाबाद बैंक में मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

## सिंगपुर में जेएलकेएम प्रखंड विस्तार सह पुनर्गठन को लेकर बैठक

**मुरीः** सिंगपुर में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का सिल्ली प्रखंड विस्तार सह कमिटी पुनर्गठन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुना ड्डागत ने की। जिसमें अध्यक्ष ,महासचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता के लिए एक- एक और उपाध्यक्ष, सचिव के लिए दो दो पद रखे गए है। इन पदों पर जिम्मेदारी लेने के लिए फार्म ड्डाराया गया। जिसका अंतिम निर्णय रांची की बैठक में कल लिया जाएगा। इस मौके पर गुणा ड्डागत ने कहा कि संगठन कि मजबूती के लिए सड्डी की उपस्थिति मान्य रखती है।

## भीम ऐप में माययूपीआई से मैंडेट प्रबंधन और धोखाधड़ी से बचाव की सुविधा

**धनबाद :** एनपीसीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने भीम पेमेंट्स ऐप पर एआई-संचालित सहायक माययूपीआई शुरू किया है। इसके जरिए उपयोगकर्ता लेन-देन का इतिहास देखने, शिकायत की स्थिति जानने, यूपीआई ऑटोपे मैंडेट को रोकने, दोबारा शुरू करने या रद्द करने और भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता का नाम सत्यापित करने जैसी सुविधाएं एक ही जगह पा सकेंगे। माययूपीआई अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, तमिल और बंगाली में 24 घंटे उपलब्ध है। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिथा नटराज ने कहा कि यह सुविधा डिजिटल भुगतान से जुड़ी जानकारी, समस्या समाधान और आवश्यक कार्रवाई के लिए सरल एवं बहुभाषी सहायता उपलब्ध कराती है। संदिग्ध गतिविधि या फोन खोने पर लिंक किए गए बैंक खाते को ब्लॉक करने और यूपीआई धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी भी इसमें मिलेगी।

## दिल्ली के न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अनुराग गुप्ता छह अक्तूबर को रांची में देंगे परामर्श

**रांची :** मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों के मरीजों के लिए शहर में विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध होगी। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली के एसोसिएट डायरेक्टर (न्यूरोसर्जरी) डॉ. अनुराग गुप्ता छह अक्तूबर को रांची में मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे।

यह परामर्श शिविर मंगलवार, छह अक्तूबर 2026 को दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, कोनका, रांची में आयोजित होगा। अस्पताल के सदर मोख्तार अहमद ने यह जानकारी दी।

शिविर में सिर में चोट, पैरालिसिस, सिरदर्द व माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज, मिर्गी के दौरे और चक्कर आने जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज विशेषज्ञ से परामर्श ले सकेंगे। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं, स्पाइन ट्यूमर, डिस्क प्रॉब्लम, पीठ व गर्दन में दर्द, साइटिका तथा हाथ-पैर में दर्द, सुन्नपन और झनझनाहट की शिकायतों पर भी चिकित्सकीय सलाह दी जाएगी।

## टाटीसिल्वे में वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के आभूषण बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

रांचीः रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी के सोने-चांदी के आभूषण के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के जारंगडीह निवासी 22 वर्षीय हरिशंकर पासी उर्फ हरिशंकर के रूप में हुई है ।

जानकारी के अनुसार, 24 सितंबर की रात करीब 10 बजे वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर रांची-पुरुलिया मेन रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था । रात करीब 11:10 बजे रांची की ओर से एक स्कूटी पर दो युवक आते दिखाई दिए । संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया । पुलिस को देखते ही स्कूटी चालक स्कूटी मोड़कर भागने लगा

पुलिस टीम ने पीछा कर स्कूटी चालक को पकड़ लिया, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया. पकड़े गए युवक से स्कूटी के कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका । तलाशी लेने पर जेब से सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए ।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि 22 सितंबर की रात रिंग रोड किनारे गोदलीपोखर और टाटीसिलवे क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बंद घरों का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए गए थे ।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी और उसके साथी घूम-घूमकर चाकू, छुरी आदि में धार लगाने का काम करते थे । इसी दौरान वे बंद घरों की रेकी करते थे और रात में मौका देखकर ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे । पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और फरार दूसरे व्यक्ति की तलाश की जा रही है । पुलिस ने छापेमारी में आरोपी के पास से सोने का टोप 1 जोड़ा, सोने की बाली 1 जोड़ा, चांदी का चाबी रिंग, 1 पीस, चांदी की चेन 3 पीस, दूल्हन पायल 1 जोड़ा, चांदी की बाली 1 जोड़ा, छोटे बच्चे की चांदी की पायल 1 जोड़ा, चांदी की मोती माला 1 पीस, चांदी की चेन 2 पीस, और स्कूटी को जब्त किया गया।

## मंत्री दीपिका पांडेय की बेटी के निधन पर जताया शोक

**लातेहारः** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की पुत्री तृषा सिंह के सड़क हादसे में असामयिक निधन की खबर से पूरे झारखंड में शोक की लहर है। जमशेदपुर में हुए सड़क हादसे में तृषा सिंह समेत चार लोगों की मौत हुई है। इस दुखद घटना पर झामुमो लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में तृषा सिंह का असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है। एक मां-बाप के लिए संतान को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है।

# आज भी होगी भारी बारिश, रांची में स्कूल बंद, खराब मौसम के कारण 26 उड़ाने रद्द

### पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला में बाढ़ का खतरा

**रांची :** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची समेत झारखंड में शुक्रवार को आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। तेज हवा में कई जगह पेड़ और पोल उखड़ जाने से राज्य के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। वहीं खराब मौसम के चलते रांची से विमान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ और 13 विमानों की 26 उड़ानों को रद्द करना पड़ा। इस कारण 5000 से ज्यादा यात्री अपने गंतव्य तक नहीं जा सकें। झारखंड में शनिवार को भारी बारिश की संभावना है। रांची में जिला प्रशासन ने शनिवार को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आज 26 से 27 सितंबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को मौसम के बदलते मिजाज पर नजर रखने की सलाह दी गई है।दैनिक समाचार-पत्र पढ़ें

26 सितंबर को इन जिलों में येलो अलर्टः मौसम विभाग के अनुसार, 26 से 27 सितंबर के दौरान झारखंड के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और रांची में येलो अलर्ट है। इन जिलों में 64.5 से 204.4 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। येलो अलर्ट के तहत लोगों को मौसम की स्थिति से अपडेट रहने की सलाह दी जाती है। बारिश के साथ कहीं-कहीं गरज-चमक की गतिविधियां भी हो सकती हैं।

बाकी जिलों में ग्रीन अलर्टः 26 से 27 सितंबर के लिए राज्य के अन्य सभी जिलों में ग्रीन अलर्ट है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि इन जिलों में बारिश नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर मौसम में बदलाव और हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है।



## दुष्कर्म के दो दोषियों को 25 और 20 साल की सजा, महज चार महीने में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**संवाददाता**

**रांची :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण की अदालत ने युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य दोषी राहुल लोहार को 25 साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर दोषी को छह साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, सह-आरोपी राजा लोहार को 20 साल के कठोर कारावास और 8,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने की स्थिति में उसे पांच साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने महज चार महीने के भीतर सभी सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया।

आठ गवाहों की गवाही और मजबूत साक्ष्य बने आधारः अदालत ने शुक्रवार को दोनों दोषियों पर अन्य कानूनी धाराओं के तहत भी सजा और जुमार्ना निर्धारित किया। अदालत ने राहुल लोहार और राजा लोहार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 332बी के तहत चार-चार साल के कारावास और 5,000-5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड का भुगतान न करने पर दोनों को एक-एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य और आठ गवाहों के बयान प्रस्तुत किए। अदालत ने गवाहों की गवाही और साक्ष्यों को सही पाते हुए दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को मंडल कारागार भेज दिया गया।

आधी रात घर से उठाकर नदी किनारे ले गएः वारदात नाला थाना क्षेत्र से जुड़ी है। पीड़िता पढ़ाई पूरी करने के लिए कुंडहित स्थित अपनी नानी के घर रह रही थी। मई महीने की आधी रात को वह घर के आंगन में सो रही थी। इसी दौरान आरोपी राहुल लोहार और राजा लोहार चुपके से घर में घुस आए। दोनों आरोपियों ने जबरन युवती को कंधे पर उठाया और शीला नदी के किनारे ले गए। आरोप है कि वहां राहुल लोहार ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान दूसरा आरोपी राजा लोहार पास में बैठा रहा और मुख्य आरोपी का साथ देता रहा।

## एसआईआर के खिलाफ आइसा का प्रदर्शन, ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका



**संवाददाता**

**रांची :** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने शुक्रवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्क्र) के नाम पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान आइसा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर प्रतिवाद सभा की।

प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, आइसा की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा, महासचिव प्रसेनजीत, योगेंद्र यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण समेत अन्य लोगों के समर्थन में नारे लगाए और उनकी रिहाई की मांग की।

आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि जब भारत के चुनाव आयोग में ही लोकतंत्र स्थापित नहीं है, तो देश में हो रहे चुनावों की निष्पक्षता की क्या गारंटी है। उन्होंने कहा कि तीन मुख्य चुनाव आयुक्तों में से दो की सहमति नहीं होने के बावजूद असंवैधानिक तरीके से काम किया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्ति जताई थी, तो उनकी बात क्यों नहीं मानी गई। उन्होंने यह भी सवाल किया कि चुनाव आयोग किनके निजी हितों के लिए काम कर रहा है।

आइसा रांची जिला अध्यक्ष विजय कुमार ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। उन्होंने गोवा की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थायी अधिकारियों की जांच में लोगों को योग्य पाए जाने के बावजूद उनके नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़े गए। उन्होंने इसे लोकतंत्र विरोधी बताया।

विजय कुमार ने कहा कि जहां ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार किया जाना चाहिए था, इसके विपरीत जंतर-मंतर पर नागरिक प्रतिवाद में शामिल उन नेताओं को गिरफ्तार किया गया, जो आम लोगों के मतदान के अधिकार के पक्ष में आवाज उठा रहे थे।

आइसा एक्टिविस्ट सुहानी मेहता ने कहा कि हजारों लोगों की शहादत के बाद देश के आम नागरिकों को मतदान का संवैधानिक अधिकार मिला है और अब उसी अधिकार पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर चोरी, नोट चोरी और भ्रष्टाचार करने वाले लोग ही नागरिकों के वोट की चोरी और पेपर चोरी व पेपर लीक करा रहे हैं।

आइसा की पूर्व झारखंड राज्य अध्यक्ष सुहानी मेहता ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी और उनके इस्तीफे की मांग जरूरी है। उन्होंने एसआईआर के बाद हुए चुनावों को रद्द करने और एसआईआर की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की।

प्रदर्शन में सुफियान, सोनाली केवट, नौरीन अख्तर, कबीर, प्रतिभा चौधरी, निखिल राज, सुदामा खलखो, भीम साहू, आकाश रंजन, श्वेत कमल, शाहिद, राकेश बड़ाइक, सृष्टि, आशीष प्रजापति समेत दर्जनों आइसा और भाकपा माले कार्यकर्ता तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जमीन के अंदर से अचानक निकलने लगा धुआं, आग की आशंका

**रांची/धनबादः** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा इलाके में शुक्रवार को अचानक जमीन के अंदर से धुआं निकलने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। जमीन से लगातार धुआं निकलता देख स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। लोगों को आशंका है कि कहीं जमीन के नीचे पुरानी कोयला खदान में आग तो नहीं सुलग रही है।

पुरानी खदान वाले इलाके से निकल रहा धुआंः स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान से धुआं निकल रहा है, वहां पूर्व में बीसीसीएल की ओर से कोयला खनन किया जाता था। खनन के बाद संबंधित क्षेत्र को बालू से भर दिया गया था। लोगों का कहना है कि तेज बारिश के बाद जमीन में नमी बढ़ने पर पहले भी इस स्थान से धुआं निकलने की स्थिति सामने आती रही है। हालांकि, इस बार धुआं निकलने की घटना ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

भूमिगत आग और भू-धंसान का डरः धनबाद के कोयलांचल में भूमिगत आग और भू-धंसान की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों को डर है कि कहीं एकड़ा में भी भूमिगत आग या गैस के कारण कोई गंभीर स्थिति उत्पन्न न हो जाए। लोगों का कहना है कि जमीन के नीचे वास्तविक स्थिति की जानकारी तकनीकी जांच के बाद ही सामने आ सकती है।

### राज्य के 100 सीएचसी होंगे अपग्रेड

## 600 डॉक्टर- स्वास्थ्यकर्मियों की होगी नियुक्ति, मजबूत होगी इलाज व्यवस्था

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सरकार राज्य के करीब 100 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करेगी। इन केंद्रों पर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ करीब 600 डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रखंड स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।




10 दिनों में मांगी अस्पतालों की रिपोर्टः स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों से इस संबंध में प्रस्ताव मांगा है। अधिकारियों को अपने-अपने जिले में अस्पतालों की मौजूदा स्थिति, उपलब्ध पदों, मरीजों की संख्या और स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक जरूरत का आकलन कर 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर जरूरत के अनुसार नए पद सृजित करने और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

रांची के कई सीएचसी भी होंगे अपग्रेडः रांची जिले में बुंडू, नामकुम, सिल्ली, रातू, कांके और मांडर समेत कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करने के लिए चयनित किए जाने की जानकारी सामने आई है। इन केंद्रों पर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ डॉक्टर, विशेषज्ञ चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल कर्मी और अन्य जरूरी मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

नए अस्पताल भवनों में भी सृजित होंगे पदः विभाग ने उन क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है, जहां नए अस्पताल भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। ऐसे अस्पतालों में भवन और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप नए पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

# बैंक यूनियनो की सरकार से वार्ता विफल, हड़ताल का ऐलान

## हड़ताल से 28-30 सितंबर तक प्रभावित होंगी बैंकिंग सेवाएं

संवाददाता

रांचीः यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का ऐलान कर दिया गया है। बुधवार शाम सेंट्रल लेबर कमिश्नर, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और यूएफबीयू के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता विफल रहने के बाद यूनियन ने 28 से 30 सितंबर तक हड़ताल पर जाने की घोषणा की। हड़ताल का असर झारखंड में भी बैंक शाखाओं के सामान्य कामकाज पर पड़ सकता है। ग्राहकों के लिए परेशानी इसलिए भी बढ़ सकती है, क्योंकि 26 सितंबर को चौथा शनिवार और 27 सितंबर को रविवार है। ऐसे में 26 से 30 सितंबर के बीच लगातार पांच दिनों तक शाखा आधारित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहने की स्थिति बन सकती है।

यूएफबीयू पांच दिवसीय कार्यसप्ताह समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल का आह्वान कर




रहा है। हड़ताल को देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य बैंकों ने ग्राहकों को जरूरी बैंकिंग कार्य 25 सितंबर तक पूरा करने की सलाह देनी शुरू कर दी है। बैंकों की ओर से ग्राहकों को बताया जा रहा है कि डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को उपलब्ध रखने का प्रयास किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने भी बैंकों को एटीएम में पर्याप्त नकदी रखने और बैंकिंग सेवाओं में व्यवधान कम से कम रखने के निर्देश दिए हैं।

**बैंकों ने ग्राहकों को भेजनी शुरू की सूचनाः** बैंकों की ओर से जारी सूचनाओं के अनुसार, हड़ताल के दौरान एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट सेवाओं को चालू रखने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि शाखाओं में होने वाले जरूरी काम प्रभावित हो सकते हैं। इस दौरान काउंटर से नकद जमा और निकासी, चेक संबंधी कार्य, दस्तावेज जमा करना और अन्य आमने-सामने की बैंकिंग सेवाओं में परेशानी हो सकती है।

**ऑनलाइन बैंकिंग से चलाना पड़ेगा कामः** हड़ताल के दौरान शाखाएं बंद रहने की स्थिति में कारोबारियों और आम ग्राहकों को डिजिटल माध्यमों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। वे आईएमपीएस, एनइएफटी, यूपीआई और आरटीजीएस जैसी सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से आधार-लिंक्ड पेमेंट सिस्टम (एइपीएस) समेत अन्य डिजिटल सेवाओं का भी उपयोग किया जा सकता है।

**इन बैंकिंग सेवाओं पर पड़ सकता है असरः** काउंटर पर नकद जमा और निकासी, चेक के जरिए होने वाले भुगतान और चेक क्लीयरेंस, ऋण दस्तावेजों का सत्यापन और लोन प्रक्रिया, बैंक शाखाओं के अंदर लॉकर संचालन।

**झारखंड में 3,248 बैंक शाखाएंः** झारखंड में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कुल 3,248 बैंक शाखाएं हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में 1,489 बैंकिंग नेटवर्क स्थापित हैं। हड़ताल के दौरान शाखा आधारित सेवाओं के प्रभावित होने से बड़ी संख्या में ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# खुली नाली में घुसा ट्रक का पहिया, रातभर फंसा रहा, ड्राइवर और खलासी परेशान



संवाददाता

**रांचीः** शहर में बारिश के साथ ही नगर निगम की तैयारियों की पोल खुलने लगी है। बरसात से पहले खुले नालों पर स्लैब लगाने और जलजमाव वाले स्थानों को चिह्नित करने के दावे किए गए थे, लेकिन बारिश शुरू होते ही जमीनी हकीकत सामने आने लगी है। देर रात बड़ा तालाब के सामने एक भारी ट्रक का पिछला पहिया खुले नाले में जा घुसा। हादसे के बाद ट्रक वहीं फंस गया। ट्रक को निकालने के काफी प्रयास किए गए, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। इससे ट्रक के ड्राइवर और खलासी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राहगीरों ने बताया कि खुले नाले के कारण यहां हमेशा बड़े वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान नाला पानी से भर जाने पर सड़क और नाले के बीच का अंतर भी मालूम नहीं हो पाता है। ऐसे में भारी वाहनों के साथ-साथ पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा हमेशा बना रहता है। लोगों ने बताया कि नगर निगम बरसात से पहले खुले नालों को ढंकने और खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए थे। समय रहते कार्रवाई नहीं होने से अब बारिश के दौरान दुर्घटनाएं आम बात हो गई है।

**पहले भी सामने आ चुकी हैं ऐसी घटनाएंः** शहर के अन्य इलाकों में भी खुले नाले और जलजमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। नगर निगम से खुले नालों को जल्द ढंकने और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। इससे पहले 23 सितंबर को हिंदपीढ़ी और कडरू सड़क के किनारे खुले नाले पर ओमनी घुस गया था, जिसमें ड्राइवर को गंभीर चोट पहुंची थी।

### रांची में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की नेत्र चिकित्सा कॉन्फ्रेंस का भव्य आगाज

# 'नॉलेज हब' बनता रांची, देश के मानचित्र पर अब रिसर्च और उच्च शिक्षा का सिरमौर : डॉ इरफान अंसारी

## देशभर के 1,000 से ज्यादा दिग्गज नेत्र विशेषज्ञों का महाजुटान, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड के लिए गौरव की बात है कि देश भर के लगभग 1500 नेत्र चिकित्सक आज यहां पहुंचे हैं और एआईओएस का मिड टर्म कांफ्रेंस रांची में हो रहा है। यह कहना था झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का। वे आज होटल बीएनआर में एआईओएस की 5वीं मिड-टर्म कांफ्रेंस 2026 का भव्य शुभारंभ करने के बाद चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए डॉ भारती कश्यप और डॉ बीपी कश्यप को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि झारखंड की राजधानी राँची में शुक्रवार को एआईओएस की 5वीं मिड-टर्म कांफ्रेंस 2026 का उद्घाटन हुआ। जेएचओएस के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, झारखण्ड के स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ बीपी कश्यप और आयोजन सचिव डॉ भारती कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ बी पी कश्यप एवं आयोजन सचिव डॉ भारती कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में पहली बार आयोजित यह राष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा शिक्षा, शोध, वैज्ञानिक विमर्श और आधुनिक उपचार




पद्धतियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

**राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों का एक मंच पर महासंगमः** उद्घाटन समारोह में ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी (एआईओएस) के राष्ट्रीय नेतृत्व सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अक्डर के राष्ट्रीय महासचिव संतोष होनावर ने किया। समारोह में अक्डर के अध्यक्ष डॉ जीवन तितियाल, निर्वाचित अध्यक्ष डॉ मोहन राजन, डॉ चित्रा राममूर्ति, डॉ नम्रता शर्मा इत्यादि शीर्ष नेत्र रोग विशेषज्ञों के अलावा झारखंड नेत्र सोसाइटी के डॉ जखनवाल, डॉ सुजोय सामंत, डॉ प्रीतिश प्रोनोय, डॉ एनडी मिश्रा, डॉ विभूति कश्यप, डॉ निधि गडकर सहित 1000 से ज्यादा वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों एवं युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर चिकित्सा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशेषज्ञों को प्रतिष्ठित साइंटिफिक अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने की दिशा में यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

आयोजन सचिव डॉ भारती कश्यप ने स्वागत भाषण में कहा कि एआईओएस मिडटर्म कॉन्फ्रेंस केवल एक वैज्ञानिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के मिड-टियर शहरों तक शिक्षा, शोध और वैज्ञानिक अवसरों में समानता पहुँचाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। रांची में इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य यहाँ की छिपी हुई युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इस आयोजन के बाद रांची राष्ट्रीय स्तर के अकादमिक एवं वैज्ञानिक केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा और यहाँ के युवा चिकित्सकों को देश के श्रेष्ठ वैज्ञानिक मंचों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रांची में यह आयोजन झारखंड के लिए गौरव का विषय है तथा यह राज्य की सुदृढ़ होती वैज्ञानिक एवं अकादमिक क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से राज्य के चिकित्सकों को सीखने तथा नवीनतम शोध, तकनीक एवं उपचार पद्धतियों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार आर्टिफिसीयल इंटेलिजेंस रोबोटिक सर्जरी एवं आधुनिक हेल्थ टेक्नालॉजी को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ते हुए राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त एवं भविष्य के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डॉ बी पी कश्यप, डॉ भारती कश्यप, एआईओएस एवं जेएचओएस को इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास रांची एवं झारखंड को राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ बीपी कश्यप ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि झारखंड की धरती पर इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की मेजबानी हमारे लिए गौरव का विषय है ,यह सम्मेलन झारखंड को राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के मानचित्र पर नई पहचान देगा। राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

**25 सितम्बर के प्रमुख वैज्ञानिक सत्र एवं मुख्य गतिविधियांः** जस्ट केसेस इस सत्र में जस्ट केसेस सत्र में चुनौती पूर्ण नेत्र विकारों पर विशेषज्ञों द्वारा कैसे आधारित प्रस्तुति दी गई।

मास्टरक्लास इन रिफ्रैक्टिव सर्जरी बियॉन्ड 20/20ः रिफ्रैक्टिव सर्जरी में डॉक्टर रोहित शेट्टी डॉक्टर भारती कश्यप द्वारा चश्मा हटाने की आधुनिक लेजर तकनीक पर विशेष मास्टर क्लास का संचालन किया गया।

**अनप्लान्ड कटः** व्हेन थिंग्स डोंट गो एज प्लान्डः अन प्लांट कट सेशन में सर्जरी के दौरान आने वाली अप्रत्याशित जटिलताओं एवं सटीक सर्जिकल समाधान पर वीडियो आधार आधारित विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

डेफर्ड लाइव सर्जरी सेशन में देश के शीर्ष नेत्र रोग विशेषज्ञों के साथ झारखंड की डॉ निधि गडकर कश्यप ने अपने नेत्र चिकित्सा के सर्जिकल कौशल का प्रदर्शन किया।

**साइंटिफिक 'जोड़ी' कम्पटीशनः** जोड़ी कंपटीशन में देश के वीभिन्न राज्यों और राष्ट्रीय संगठनओं के नेत्र विशेषज्ञों की टीम के बीच में कड़ा बौद्धिक एवं वैज्ञानिक मुकाबाला हुआ।

**डॉ आरपी टंडन एक्स्ट्रा म्यूरल ओरेशनः** विशिष्ट वक्ता डॉ। प्रिया नारंग द्वारा ₹वेवफ्रंट गाइडेड पिनहोल प्यूपिलोप्लास्टी₹ विषय पर सारगर्भित एवं प्रतिष्ठित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

**पर्ल्स ऑफ विजडमः** वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने फेकोइमल्सीफिकेशन (मोतियाबिंद सर्जरी), कॉर्निया ट्रांसप्लांट, डायबिटिक रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा के आधुनिक प्रबंधन पर अपने वर्षों के सर्जिकल अनुभव और 'क्लीनिकल टिप्स' साझा किए।

# चौरासी इदरीसी पंचायत चुनाव में बढ़ी सरगर्मी

गुलाम शाहिद

**रांची :** इदरीसी समाज की दशकों पुरानी सामाजिक व्यवस्था रांची चौरासी इदरीसी पंचायत एक बार फिर चुनावी अखाड़े में है। केंद्रीय सदर समेत कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए 27 सितंबर को मतदान होना है। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और अंतिम दौर के जनसंपर्क अभियान ने मुकाबले को और रोचक बना दिया है। सदर पद के लिए मो। इस्लाम, मुनव्वर हुसैन भुट्टो, सज्जाद इदरीसी और परवेज आलम और मेराजुद्दीन समेत अन्य प्रत्याशी मैदान में हैं। सदर पद के मुकाबले में फिलहाल मो। इस्लाम को बढ़त मिलने की चर्चा है। वहीं मुनव्वर हुसैन भुट्टो और सज्जाद इदरीसी के बीच भी कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है। चुनावी मैदान में परवेज आलम की उम्मीदवारी को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। वह मौलाना आजाद कॉलेज के कर्मचारी हैं। उनके खिलाफ कॉलेज प्रबंधन की ओर से गबन का आरोप लगाए जाने की बात सामने आयी है। हालांकि, आरोपों की अंतिम पुष्टि संबंधित जांच और सक्षम प्रक्रिया के परिणाम पर निर्भर करेगी। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। बैठकों, मुलाकातों और मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क का दौर जारी है। खास बात यह है कि मतदाता अब तक अपने पत्ते खोलने से परहेज कर रहे हैं। वोटरों की इसी खामोशी ने प्रत्याशियों की धड़कन बढ़ा दी है। हर खेमे में अपने पक्ष में माहौल होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी तस्वीर मतदान के बाद ही साफ होगी।

कार्यालय
कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थान)
शंकरपुर कृषि प्रक्षेत्र, बड़कागाँव रोड, हजारीबाग–825301
Website : atmahazaribag.org,
E.Mail : atma_hazaribag@rediffmail.com

आम सूचना

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) हजारीबाग द्वारा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के पदो के लिए आवेदन आमंत्रण हेतु PR-385813/Agriculture, Animal Husbandry and Co-Operative Department (26-27) द्वारा प्रकाशित सूचना के आलोक में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.09.2026 को संशोधित करते हुए दिनांक 15.10.26 तक के लिए विस्तारित किया जाता है।

पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, हजारीबाग

PR 390489 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27).D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मेघा मिश्रा, उम्र–37 वर्ष, ऊँचाई–5 फीट 4 ईंच, रंग–साँवला, पहनावा–हरा रंग का चेक स्कर्ट एवं हल्का गुलाबी रंग का टी शर्ट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला मेघा मिश्रा, उम्र–37 वर्ष, पिता–शारंगधर मिश्रा, पता–102 शकुन्तला अपार्टमेन्ट, लटमा रोड, सिंह मोड़ हटिया, थाना–जगरनाथपुर, जिला–राँची जो दिनांक–06.09.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में जगरनाथपुर थाना काण्ड सं0–268/2026, दिनांक–09.09.2026 धारा–137(2) बी0एन0एस0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। –9431706143
थाना प्रभारी, जगरनाथपुर, राँची। –9431706169
आवेदक शारंगधर मिश्रा। –7061356964

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 390522 (Police) 26-27 (D)

# राष्ट्रीय सवर्ण आयोग का हो गठन, आर्थिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करे केंद्र सरकार

मेट्रो रेज

**रांचीः** अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से आर्थिक आधार पर आरक्षण व राष्ट्रीय सवर्ण आयोग की गठन की मांग की। सुनील सिंह ने कहा कि सवर्ण के हितों की रक्षा के लिए आज तक अपने देश में सवर्ण जाति आयोग का गठन नहीं हो पाया है। किसी राज्य में सवर्ण आयोग बना भी तो लागू नहीं हो पाया। जैसे बिहार में 2011 में नीतीश कुमार की सरकार में सवर्ण आयोग का गठन तो हुआ, पर 9वीं अनुसूची में संशोधन के अभाव में लागू नहीं हो पाया।



जबकि पूरे देश में लगभग 31% प्रतिशत व झारखंड में लगभग 14% प्रतिशत सवर्णों की आबादी है। सवर्ण जाति में भी आर्थिक व शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़े हुए लोग हैं। अगड़ी जातियों की बड़ी आबादी को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जो कि रोजगार से वंचित और आर्थिक तंगी की चपेट में है। उन्होंने कहा कि हम किसी जाति वर्ग का विरोध नहीं कर रहे हैं, परंतु समाज के सभी वर्गों की तरह सामान्य वर्गों को भी समान अधिकार मिले, यही सरकार से हमारी मांग है। चूंकि समाज में सभी वर्गों का हक है की समाज में सभी को समान अधिकार मिले। सामान्य वर्ग के लोगों को भी हर सरकारी योजनाओं पर पूरा हक हो। जो सवर्ण रोजगार से वंचित और आर्थिक तंगी के चपेट में हैं, उन्हें भी आर्थिक आधार पर सर्वे कर, सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए, संविधान में संशोधन करते हुए, सवर्ण आयोग का गठन हो। सुनील सिंह ने कहा कि संविधान का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए सम्मान न्याय और कानून सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वर्गों और समुदायों के लिए अलग-अलग कानून की प्रावधान होने से असमानता की भावना पैदा होती है। उन्होंने सभी जाति, धर्म, लिंग, वर्ग और क्षेत्र के लोगों को समान अधिकार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के लिए अलग-अलग मंत्रालय, आयोग, छात्रावास, छात्रवृत्ति और बजट में सामाजिक विकास के लिए प्रावधान किए जाते हैं, तो सवर्ण समाज के लिए भी समान सुविधाएं और अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय सवर्ण आयोग, सवर्ण मंत्रालय, सवर्ण छात्रों के लिए छात्रावास और छात्रवृत्ति के साथ बजट में सवर्ण समाज के लिए प्रावधान करने की मांग की। सुनील सिंह ने कहा कि एक देश में एक समान कानून होना चाहिए। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कहते हैं कि ₹बटेंगे तो कटेंगे,, और प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं ₹एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे,, तो फिर अलग-अलग कानून क्यों। उन्होंने (यूजीसी) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नई नियमावली को रॉलेट एक्ट जैसा काला कानून बताते हुए यूजीसी यूजीसी रॉलबैक, आर्थिक आधार पर आरक्षण और समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू करने की मांग की।

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला।
(आई.टी.डी.ए., गुमला)

आम सूचना

गुमला जिला अन्तर्गत नव निर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, गुमला, भरनो, सिसई एवं डुमरी का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। जिसमें तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है। जिसके लिए **स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों (TGT)** का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्व. अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज कलर फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक – 06.10.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रपत्र गुमला जिला के वेबसाईट www.gumla.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि :– 06/10/2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
2. चल साक्षात्कार (Walk in Interview/Skill Test) की संभावित तिथि :– 12/10/2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक।
3. पत्राचार एवं साक्षात्कार का पता :– कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला (नया समाहरणालय भवन, चंडाली, गुमला), पिन कोड – 835207

ह०/–
उपायुक्त,
गुमला।

PR 390484 (Welfare) 26-27 (D)

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## छात्रावासों में मिले पौष्टिक भोजन व सुरक्षित माहौल

**घटिया** भोजन की शिकायत पर गुना (मध्य प्रदेश) के बजरंगगढ़. स्थित नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों का स्कूल प्रबंधन के खिलाफ गुस्सा इस कदर पहुंच जाए कि एक दो नहीं, बल्कि 360 छात्र खुद को हॉस्टल में बंदकर सामूहिक आत्महत्या की धमकी जैसा कदम उठा लें तो शिक्षा केंद्रों में बदइंतजामी पर चिंता होना स्वाभाविक है। नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल पर आरोप है कि हॉस्टल में घटिया भोजन मिलने की शिकायत पर एक छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। खराब भोजन और छात्र की पिटाई से उपजे आक्रोश के चलते विद्यार्थियों को यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। समस्या के चरम पर पहुंचने पर ऐसा कदम उठाने की नौबत आती है। नवोदय विद्यालय की यह घटना तो बानगी है। ऐसा आक्रोश देशभर में निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं से जुड़े छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाने वाला है। चिंता की बात यह है कि माता-पिता अपने बच्चों का हॉस्टल में दाखिला इस उम्मीद से कराते हैं कि उन्हें यहां पर घर जैसा माहौल मिलेगा। यह प्रकरण तो नवोदय विद्यालय का है जहां अपेक्षाकृत बेहतर व्यवस्थाओं की उम्मीद की जानी चाहिए। लेकिन आमतौर पर यह देखने में आता है कि स्कूल ही नहीं, बल्कि उच्च शिक्षण संस्थानों में भी हॉस्टल के नाम पर मनमानी फीस वसूलने के बावजूद इनमें रहने वालों को उसके अनुरूप सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। बच्चों को भोजन ही गुणवत्ता वाला नहीं मिले तो फिर सेहत से जुड़ी समस्याएं होना स्वाभाविक है। घर से दूर रह रहे बच्चों की मजबूरी यह रहती है कि वे कॅरियर के डर से अव्यवस्थाओं की शिकायत करने में कतराते हैं। गुना की यह घटना भी सामने नहीं आती यदि घटना के तीन दिन बाद जांच टीम यहां नहीं पहुंचती और नवोदय स्कूल के आला अफसर छात्रों के बयान नहीं लेते। ऐसा नहीं है कि सभी शिक्षण संस्थाओं के छात्रावासों में एक जैसा हाल हो, लेकिन जहां भी भोजन व आवास व्यवस्था में कुप्रबंधन की शिकायतें आती है उसमें संस्थानों के लालच के साथ-साथ निगरानी का अभाव भी साफ नजर आता है। देखा जाए तो विद्यार्थियों के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार भी माता-पिता के उस भरोसे को तोड़ने वाला है, जिसमें वे अपने बच्चों को घर से दूर रखकर पढ़ने भेज देते हैं। शिक्षण संस्थान किसी भी स्तर का हो, यह उम्मीद की जाती है कि वहां बच्चों को अच्छी शिक्षा, छात्रावासों में पौष्टिक भोजन के साथ सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा।बच्चों को आखिरकार कठोर कदम उठाने को मजबूर क्यों होना पड़ा? प्रशासनिक स्तर पर उनकी शिकायतों पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया और सजा के रूप में बर्बरता से मारपीट का हक आखिर किसी को क्यों मिले? इन तमाम सवालों के साथ समूचे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई का माहौल व सुरक्षित वातावरण बच्चों को मिलना ही चाहिए।

## विकास की रफ्तार के साथ जीवन की सहजता जरूरी

**ऑक्सफोर्ड** इकोनॉमिक्स ग्लोबल सिटीज इंडेक्स-2026 में उभरते हुए शहरों की सूची में भारत के 46 शहरों का होना बदलती आर्थिक तस्वीर का संकेत है। लंबे समय तक मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलूरू जैसे महानगर ही देश की शहरी आर्थिक ताकत के प्रतीक रहे हैं। अब जयपुर, भोपाल, उदयपुर और सूरत जैसे शहर भी अपनी आर्थिक पहचान मजबूत कर रहे हैं। मजबूत जीडीपी, बढ़ता श्रमबल, उत्पादकता और आय में वृद्धि इस बदलाव की बुनियाद हैं। वर्ष 2050 तक दिल्ली के दुनिया की 63वीं सबसे बड़ी शहरी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान इसी रफ्तार की तस्वीर पेश करता है। इस सुनहरी तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि किसी शहर की सफलता केवल इस बात से तय नहीं होनी चाहिए कि उसकी अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। जरूरत इस बात की भी है कि वहां रहने वाले लोगों का जीवन सहज, सुरक्षित और स्वस्थ रहे। सवाल यही है कि क्या आर्थिक वृद्धि के साथ शहर बेहतर जीवन गुणवत्ता भी दे पाएंगे? भारत के शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के साथ आबादी और संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। प्रदूषण कई शहरों की स्थायी समस्या बन चुका है। भूजल का स्तर गिर रहा है। लोगों के लिए पर्याप्त और किफायती आवास उपलब्ध कराना चुनौती है। सार्वजनिक परिवहन की क्षमता सीमित है, जिससे यातायात का दबाव बढ़ता है। कचरा निस्तारण और सीवेज प्रबंधन की कमजोर व्यवस्थाएं भी शहरों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बोझ डाल रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शहरों का विस्तार अक्सर नियोजन की गति से तेज होता है। पहले आबादी आती है, फिर सड़क, पानी, सीवर, परिवहन और आवास जैसी सुविधाओं की योजना बनाई जाती है। नतीजा यह होता है कि आर्थिक विकास तो दिखाई देता है, लेकिन उसके साथ अव्यवस्था भी बढ़ती जाती है। ऐसे में देश को अब 'तेजी से बढ़ते शहर' नहीं, बल्कि 'रहने योग्य शहर' बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शहरों की आर्थिक योजनाओं को जल उपलब्धता, हरित क्षेत्र, सार्वजनिक परिवहन, किफायती आवास और कचरा प्रबंधन जैसी दक्षता से जोड़ना होगा। इन व्यवस्थाओं को आबादी के बसने से पहले सुनिश्चित करना होगा। भारत के छोटे और मध्यम शहरों के उभरने का सबसे बड़ा लाभ यह हो सकता है कि विकास का दबाव कुछ महानगरों तक सीमित न रहे। आर्थिक विकास जरूरी है, क्योंकि उसके बिना रोजगार और समृद्धि संभव नहीं। लेकिन ऐसा विकास भी अधूरा है जो लोगों की आय बढ़ाए और उनके जीवन की गुणवत्ता घटा दे। भारत के उभरते शहरों के सामने अब यही परीक्षा है कि वे केवल बड़ी अर्थव्यवस्थाएं बनेंगे या ऐसे शहर भी बनेंगे जहां लोग बेहतर कमाई के साथ बेहतर जीवन भी जी सकें। क्योंकि सफल होने के लिए विकास की रफ्तार के साथ-साथ जीवन की सहजता भी जरूरी है।

# कहां लेकर जाएगी मोबाइल की दीवानगी?

**व्यापक संदर्भ में देखें, तो ऐसे मामलों में दोष केवल युवाओं का भी नहीं है। कुछ बच्चे माता-पिता पर दबाव बनाते हैं कि अगर उन्हें लेटेस्ट फोन नहीं मिला तो वे पढ़ाई नहीं करेंगे। बच्चे महंगा स्मार्टफोन यह कहकर मांगते हैं कि इससे पढ़ाई, प्रोजेक्ट और नई तकनीक सीखने में मदद मिलेगी। खासकर कम पढ़े-लिखे माता-पिता को बच्चे कई बार इन वजहों का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते हैं। हालांकि कई मामलों में असली वजह दोस्तों के बीच फोन को प्रदर्शित करना और खुद को उनसे पीछे न दिखाना होती है। भारत में मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बिकने वाले कम से कम 42 प्रतिशत आईफोन ईएमआई (किस्तों) पर खरीदे जाएंगे।**

**योगेंद्र योगी**

युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। देश का भविष्य बनने वाले युवा भविष्य की चिंता किए बगैर सिर्फ एक झूठी होड़ का शिकार हों तो देश का भला कैसे होगा? मौजूदा दौर में मोबाइल को लेकर जो मारामारी मची हुई है, उसे देख कर लगता है कि जैसे देश के युवाओं के सामने कोई चुनौती नहीं बची है। युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य पर मोबाइल के नए से नए ब्रांडों का आकर्षण उन्हें दलदल की तरफ धकेल रहा है। महंगे मोबाइल ब्रांडों के जुनून से तो यही लगता है कि इस देश में बेरोजगारी और युवाओं से जुड़ी कोई समस्या बची ही नहीं है। नए से नए मोबाइल ब्रांड को पाने के लिए देश के युवा मारामारी करते रहे हैं। ऐसा लगता है कि जैसे वे इतने जरूरी काम में जुटे हुए हैं कि यदि यह नहीं हुआ तो उनका भविष्य खराब हो जाएगा। एक अमरीकी कंपनी के नए ब्रांड को लेकर युवा रातभर लाइन में खड़े रहे और अपने नंबर का इंतजार करते रहे। दिल्ली से मुंबई तक देश के कई शहरों में इस कंपनी के स्टोर के बाहर सैकड़ों लोग सुबह स्टोर खुलने की इंतजार में रात भर कतार में लगे रहे। वह भी एक ऐसे मोबाइल के लिए जिसकी कीमत भी डेढ़ से सवा तीन लाख रुपए तक की है। इनमें चंद ही ऐसे युवा होंगे जो इतने महंगे फोन से कुछ कमाई करेंगे, बाकी सभी तो सिर्फ जुनून के शिकार हैं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि लोग महंगा फोन खरीदने के लिए इतनी मेहनत क्यों कर रहे हैं? बड़ा सवाल यह है कि कुछ लोगों को नया फोन, नई कार, नया गैजेट या कोई भी लेटेस्ट प्रोडक्ट सबसे पहले खरीदने की इतनी जल्दी क्यों होती है। साइकोलॉजी में इसे नयापन अर्थात अनोखा या अलग अनुभव करने की इच्छा कहते हैं। इसे आकर्षण से जोडकर देखा जाता है। इनसान को नई और अलग चीजें स्वाभाविक तौर पर दिलचस्प लगती हैं। नए प्रोडक्ट के साथ नई तकनीक, नया डिजाइन और नई पहचान जुड़ी होती है। नवीनतम फोन खरीदने की इस होड़ के पीछे फोमो यानी दूसरों से पीछे छूट जाने का डर भी हो सकता है। लोगों को लगने लगता है कि बाकी सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं और अगर उन्होंने यह फोन नहीं लिया तो वे पीछे रह जाएंगे। यही कारण है कि कुछ लोग नया फोन आने का महीनों इंतजार करते हैं और लॉन्च होते ही उसे खरीदने के लिए घंटों लाइन में लग जाते हैं। कुछ लोग हर चीज सबसे पहले क्यों लेना चाहते हैं? हर व्यक्ति नई चीज के पीछे एक ही वजह से नहीं भागता। किसी को नई तकनीक पसंद होती है, किसी को नई चीज इस्तेमाल करने का अनुभव अच्छा लगता है, जबकि कुछ लोगों के लिए सबसे पहले नया प्रोडक्ट खरीदना उनकी पहचान और सोशल स्टेटस से जुड़ जाता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नया फोन दिखाकर रील बनाने और उसे प्रदर्शित करने की चाहत भी इसके आकर्षण को बढ़ा सकती है। कई युवा लेटेस्ट फोन खरीदने के लिए ईएमआई का सहारा लेते हैं। उन्हें लगता है कि अभी फोन ले लेते हैं और पैसे धीरे-धीरे चुका देंगे। सोशल मीडिया ने इस सामाजिक दबाव को और बढ़ाया है। इसका असर सिर्फ युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं में भी लेटेस्ट प्रोडक्ट को लेकर ऐसा क्रेज देखने को मिलता है। कई मामलों में माता-पिता बच्चों की इस जिद से परेशान होकर काउंसिलिंग के लिए पहुंचते हैं। मोबाइल फोन की चाहत को लेकर देश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक युवक ईएमआई पर खरीदे गए एप्पल आईफोन की मासिक किस्त के पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद तिसगांव की एक पहाड़ी पर चढकर कूदने की धमकी दे रहा था। वह नीचे गिर पड़ा। उसे बचाने और नीचे उतारने की कोशिश में उसके पिता भी संतुलन बिगड़ने से उसके साथ 250 फुट गहरी खाई में गिर गए और आंखों के सामने पूरे परिवार को उजड़ता देख सदमे में आई मां ने भी चट्टान से छलांग लगा दी। मोबाइल ने तीनों की जान ले ली। इसी तरह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 4 फरवरी 2026 को तीन सगी नाबालिग बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता द्वारा ऑनलाइन गेमिंग और अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगाने व फोन छीन लिए जाने के बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। अगस्त 2026 को यूपी के फरूर्खाबाद में 25 वर्षीय युवती ने पिता द्वारा उसका मोबाइल फोन छीनने पर आत्महत्या कर ली। हिमाचल प्रदेश में मार्च 2025 में मंडी में एक बेटी ने पढ़ाई या परीक्षा के दौरान पिता द्वारा मोबाइल फोन छीन लिए जाने से आहत होकर आधी रात को विक्टोरिया पुल से ब्यास नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी। आगरा में एक पिता के मोबाइल तोड़ने पर 17 वर्षीय बेटी ने फांसी लगा ली थी। दिसंबर 2023 में नागपुर में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फोन का इस्तेमाल रोकने पर आत्महत्या कर ली। दरअसल, ऐसी घटनाओं के पीछे उपभोक्तावाद, दिखावे की संस्कृति, साथियों के दबाव, डिजिटल दुनिया में निर्मित कृत्रिम जीवन शैली और तत्काल अपनी इच्छा पूरी कर लेने की बढ़ती प्रवृत्ति जैसे कई पहलू हो सकते हैं। व्यापक संदर्भ में देखें, तो ऐसे मामलों में दोष केवल युवाओं का भी नहीं है। कुछ बच्चे माता-पिता पर दबाव बनाते हैं कि अगर उन्हें लेटेस्ट फोन नहीं मिला तो वे पढ़ाई नहीं करेंगे। बच्चे महंगा स्मार्टफोन यह कहकर मांगते हैं कि इससे पढ़ाई, प्रोजेक्ट और नई तकनीक सीखने में मदद मिलेगी। खासकर कम पढ़े-लिखे माता-पिता को बच्चे कई बार इन वजहों का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते हैं। हालांकि कई मामलों में असली वजह दोस्तों के बीच फोन को प्रदर्शित करना और खुद को उनसे पीछे न दिखाना होती है। भारत में मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बिकने वाले कम से कम 42 प्रतिशत आईफोन ईएमआई (किस्तों) पर खरीदे जाएंगे। देश के ज्यादातर परिवारों की मासिक आय बहुत सीमित है। ऐसे में 75000 रुपए या उससे महंगे फोन की किस्तें चुकाना कई परिवारों को कर्ज के दलदल में धकेल रहा है। भारत में 5 करोड़ से भी कम ऐसे परिवार हैं जिनकी मासिक आय 75000 रुपए है। वहीं, एक आईफोन की औसत कीमत भी लगभग 75000 रुपए है। मतलब एक फोन की कीमत पूरे परिवार की महीने भर की कमाई से भी ज्यादा है। अभिभावकों और समाज को भी यह समझना होगा कि बच्चों को महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराना और उन्हें जीवन के मूल्य समझाना दो अलग-अलग बातें हैं। बच्चों की हर मांग पूरी करके उन्हें खुश रखना आसान है, लेकिन उन्हें नहीं सुनने की क्षमता देना निश्चित ही कहीं अधिक जरूरी है।

# शहर केवल बढ़ें ही नहीं, बल्कि बेहतर ढंग से विकसित हों

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष मानसून के ऐतिहासिक रूप से कमजोर रहने की मुख्य वजह प्रशांत महासागर में तेजी से सक्रिय हुआ 'सुपर अल नीनो' प्रभाव है। अल नीनो की स्थिति के कारण समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया, जिसने वैश्विक पवन प्रणालियों को बाधित किया और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ? वाली मानसूनी हवाओं को कमजोर कर दिया।

**राजेंद्र राठौड़**

अल नीनो के प्रभाव के कारण देश में इस वर्ष मानसून सत्रह साल में सबसे सूखा रहा है, जिसमें कुल वर्षा सामान्य से 15 फीसदी कम दर्ज की गई है। खास बात यह है कि अब तक 14 राज्यों में बारिश की कमी 20 फीसदी से ज्यादा रही है। इनमें बिहार, पंजाब, हरियाणा के अलावा दक्षिण भारत के सभी पांच प्रायद्वीपीय राज्य शामिल हैं। दरअसल, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, वर्ष 2009 के बाद (जब 18.3 फीसदी की कमी देखी गई थी) यह देश का सबसे कमजोर मानसून सीजन साबित हुआ है। एक जून से 21 सितंबर तक की अवधि में जहां देश में सामान्य रूप से 827.2 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं वास्तविक आंकड़ा केवल 703.7 मिमी पर सिमटकर रह गया है। 123.5 मिमी की इस भारी गिरावट ने न केवल चालू खरीफ फसलों के उत्पादन पर संकट खड़ा कर दिया है, बल्कि आगामी रबी सीजन की बुवाई और देश के प्रमुख जलाशयों के जलस्तर को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष मानसून के ऐतिहासिक रूप से कमजोर रहने की मुख्य वजह प्रशांत महासागर में तेजी से सक्रिय हुआ 'सुपर अल नीनो' प्रभाव है। अल नीनो की स्थिति के कारण समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया, जिसने वैश्विक पवन प्रणालियों को बाधित किया और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ? वाली मानसूनी हवाओं को कमजोर कर दिया। इस सीजन में बारिश का वितरण न केवल कम रहा, बल्कि समय और स्थान के लिहाज से भी बेहद असंतुलित था। भारतीय कृषि मुख्य रूप से मानसून की बारिश पर निर्भर करती है। देश के करोड़ों किसान जून से सितंबर के बीच होने वाली इस वर्षा के आधार पर ही अपनी फसलों की योजना बनाते हैं। इस साल बारिश की बेरुखी के कारण खरीफ फसलों विशेषकर धान, गन्ना, मक्का और कपास की बुवाई पिछले सीजन की तुलना में 3.73 फीसदी पिछड़ गई है। कृषि विशेषज्ञों और कमोडिटी विश्लेषकों का अनुमान है कि इस सूखे मानसून के चलते अकेले चावल के उत्पादन में दस मिलियन टन (1 करोड़ टन) तक की भारी कटौती हो सकती है।

धान के खेतों में पर्याप्त पानी न होने के कारण पौधों का विकास रुक गया है, जिससे प्रति हेक्टेयर पैदावार घटने की पूरी आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा गन्ने की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे आने वाले महीनों में चीनी उत्पादन प्रभावित होना तय माना जा रहा है। साथ ही, यह रबी की फसलों (गेहूं, सरसों, चना) के लिए भी खतरनाक साबित होगी। रबी फसलों की बुवाई के समय मिट्टी में नमी की आवश्यकता होती है और सिंचाई के लिए बांधों के पानी का इस्तेमाल किया जाता है। यदि बांध खाली रहे, तो आगामी सीजन में कृषि संकट दोगुना हो सकता है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर दो खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम पचास प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिये ही हासिल होता है।

चिंता केवल खरीफ की मौजूदा फसलों तक सीमित नहीं है। केंद्रीय जल आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख 150 से अधिक जलाशयों में लाइव स्टोरेज (उपयोगी जल भंडारण) पिछले साल की तुलना में लगभग 36 फीसदी कम हो गया है। दक्षिण भारत के 54 प्रमुख बांधों में जलस्तर उनकी कुल क्षमता के 80 फीसदी से भी नीचे चला गया है। जलाशयों में पानी की यह कमी आने वाले सर्दियों के महीनों में बिजली उत्पादन व शहरों में पेयजल आपूर्ति को तो प्रभावित करेगी ही। कम बारिश का सीधा असर अब देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जेब पर दिखने लगा है। अगस्त के महीने में खाद्य मुद्रास्फीति (फूड इंफ्लेशन) लगातार सातवें महीने बढ़कर 5.95 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का उच्चतम स्तर माना जा रहा है।

आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक, मानसून में होने वाली हर एक फीसदी की कमी खाद्य महंगाई को करीब 25 बेसिस पॉइंट तक बढ़ा देती है। बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने आपातकालीन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। चीनी की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जा रही है। वहीं, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों की आसमान छूती कीमतों को रोकने के लिए कई राज्यों में रियायती दरों पर सरकारी आउटलेट्स के जरिए बिक्री की जा रही है। चावल के निर्यात पर पहले से लगे प्रतिबंधों को और कड़ा किए जाने की संभावना है। मानसून 2026 के इन निराशाजनक आंकड़ों ने एक तरह से यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो जैसी मौसमी परिघटनाएं अब भारतीय कृषि के लिए एक स्थायी चुनौती बन चुकी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सितंबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में कुछ बारिश हो सकती है, लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर पर हो चुके पन्द्रह फीसदी के बड़े घाटे को पाटने में सक्षम नहीं होगा।

इस अभूतपूर्व सूखे से निपटने के लिए तात्कालिक राहत उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक रणनीतियों की जरूरत है। सरकार को प्रभावित राज्यों में सूखा राहत पैकेज, किसानों के लिए फसल बीमा के त्वरित भुगतान और ग्रामीण रोजगार योजनाओं (वीबी-जीरामजी) को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। आने वाले समय में जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) और कम पानी में उगने वाली जलवायु-अनुकूल फसलों को बढ़ावा देना ही भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का एकमात्र विकल्प होगा।

# स्वस्थ तन के साथ शुद्ध मन

**राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी**

**चिंतन-मनन**

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन वाली उक्ति बहुत ही सारगर्भित है और इसी वजह से हमारे शास्त्रकारों एवं उपनिषद्कारों के मतानुसार मन को सात्विक बनाना आत्मोत्कर्ष की दृष्टि से नितांत आवश्यक है और उसके लिए आहार शुद्धि को प्रथम चरण माना गया है। हम सभी इस तथ्य से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि हमारे जीवन में आहार का प्रभाव व्यापक है। आहार से रक्त और मांस ही नहीं अपितु मन भी बनता है तथा उसका हमारी मानसिक कार्यक्षमता पर भी अनिवार्य रूप से प्रभाव पड़ता है। यह ऐसी सच्चाई है, जिसका अनुभव हमारे ऋषियों, शरीर शास्त्रियों के साथ-साथ हम सभी ने अपने जीवन में अनेक बार किया है और आज भी कर रहे हैं और इसी अनुभव के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आहार में न केवल रस रक्त निर्माण करने की क्षमता है, बल्कि यह हमारे चिंतन के स्तर को भी प्रभावित करता है। और इसीलिए ही विद्वानों एवं चिकित्सको ने सात्विक आहार लेने पर सदैव जोर दिया है क्योंकि शुद्ध, सात्विक एवं प्राकृतिक आहार केवल शरीर को स्वस्थ नहीं रखता, किंतु मन को भी शांत एवं स्थिर बनाता है तथा अंतः करण को पवित्र बनाता है। आमतौर पर आहार को सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी इन तीन श्रेणियों के अंतर्गत माना जाता है। जितने उत्तेजक, मादक, बहुत ही चटपटे, गरिष्ठ अर्थात देर से हजम होने वाले, सड़े हुए या निद्रा अथवा आलस्य आदि पैदा करने वाले पदार्थ हैं वे तमोगुणी माने जाते हैं। शराब, बीड़ी, सिगरेट ये सभी तमोप्रधान हैं और मनुष्यात्मा का अधोपतन करने वाले हैं। इस प्रकार के पदार्थ मन को निर्मल तथा संतुलित रखने में बहुत ही बाधक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिए कि वह इनको त्याग दे।

इसी प्रकार, स्वाद को प्रधानता देकर, जीभ की रसना के लिए बनाए गए, इंद्रियों के वश होकर खाए जाने वाले और जीवन में भोग-विलास की भावना पैदा करने वाले अथवा भारी पदार्थ रजोगुणी श्रेणी के पदार्थ माने जाते हैं। फल, सब्जियां एवं सकारात्मक विचारो के साथ पकाया गया अन्न इत्यादि सतोगुणी आहार माना जाता है। शुद्ध एवं सात्विक आहार के व्यापक प्रभाव का उल्लेख करते हुए छांदोग्य उपनिषद् में कहा गया हैं कि

आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धि रूसत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः। स्मृतिलंभे सर्वग्रंथिना विप्रमोक्षः।।

## आपके पत्र

### हर गांव में होना चाहिए ऐसा युवा

कभी-कभी किसी बड़े बदलाव की शुरूआत बड़े बजट, बड़ी मशीनों या सरकारी घोषणाओं से नहीं, बल्कि एक अकेले इनसान के हाथ में उठे फावड़े और सफाई के जुनून से होती है। मध्य प्रदेश की अजनार नदी को साफ करने वाले युवा सुरेंद्र सिंह चौधरी, जिन्हें सोशल मीडिया पर बिट्टू तबाही के नाम से जाना जाता है, इसकी जीवंत मिसाल बन गए हैं। अजनार नदी के बाद अब उनका सफाई अभियान दिल्ली की यमुना तक पहुंच गया है।

20 सितंबर को विश्व सफाई दिवस के अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों और वालंटियर्स के साथ यमुना किनारे करीब साढ़े चार घंटे सफाई की और लगभग 585 किलो कचरा हटाया। इस अभियान में स्थानीय नागरिक भी जुड़ते गए। इस युवा ने अपनी जिम्मेदारी को खूब समझा। हर गांव में अगर ऐसा ही युवा निकल आए, तो देश के लिए बेहतर होगा।

**श्रुति शर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## पितृपक्ष शुरू उत्तरवाहिनी गंगा में पूर्वजों को तर्पण देने उमड़े श्रद्धालु



**साहिबगंज :** भादो मास की पूर्णिमा के साथ शनिवार से पितृपक्ष का शुभारंभ हो गया। पितृपक्ष के प्रथम दिन उत्तरवाहिनी गंगा के बिजली घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना को लेकर विधि-विधान से तर्पण एवं कर्मकांड किया।पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं को पितरों को जल अर्पित कराया गया।बिजली घाट पर पुरोहित प्रमोद पांडेय एवं आनंद पांडेय ने श्रद्धालुओं को पितृ तर्पण की विधि और कर्मकांड की रूपरेखा बताते हुए अनुष्ठान कराया।पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में लोग गंगा तट पर पहुंच रहे हैं।यह क्रम आगामी 10 अक्टूबर तक चलेगा।वहीं,भादो पूर्णिमा के अवसर पर भी शहर के विभिन्न गंगा घाटों पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।कई श्रद्धालु मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मनवांछित फल की कामना की।गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ और धार्मिक गतिविधियों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

## पुलिस कार्रवाई से जुड़ी जानकारी का किया अवलोकन

**साहिबगंज :** संथाल परगना के डीआईजी अंबर लकड़ा के वार्षिक निरीक्षण को लेकर शुक्रवार को उनके रीडर ने एसडीपीओ कार्यालय पहुंचकर विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों और पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित रिपोर्ट ली। इस दौरान कार्यालय में संचालित शाखाओं के रिकॉर्ड लंबित कार्यों और पुलिस कार्रवाई से जुड़ी जानकारी का अवलोकन किया गया।रीडर ने गंभीर एवं लंबित मामलों की स्थिति अनुसंधान की प्रगति, वारंट व कुर्की के निष्पादन अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी मांगी। संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। प्राप्त रिपोर्ट को डीआईजी के समक्ष समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।बताया गया कि डीआईजी अंबर लकड़ा को शुक्रवार को एसडीपीओ कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करना था। लेकिन किसी कारणवश निरीक्षण स्थगित हो गया।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर समीक्षा और समन्वय बैठक आयोजित



**साहिबगंज :** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एस आईआर 2026 के सफल समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर बोरियो प्रखंड कार्यालय में समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री सुबोध कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कुमुदिनी टुडू की उपस्थिति में राजमहल, बोरियो एवं बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों साहिबगंज राजमहल उधवा मंडरो बोरियो, तालझारी बरहेट पतना सुंदरपहाड़ी एवं बोआरीजोर प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में एस आईआर 2026 के अंतर्गत वर्तमान में नोटिस चरण में प्राप्त दस्तावेजों एवं संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही निर्धारित स्थलों पर मतदाताओं नागरिकों की सुनवाई सुनवाई से संबंधित अभिलेखों के संधारण की स्थिति की जानकारी ली गई।अधिकारियों को लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त मामलों व दस्तावेजों की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक कार्रवाई के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों की निरंतर निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सुनवाई व अभिलेखों के संधारण में विशेष सावधानी बरतने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी तत्परता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने और प्रक्रिया की पारदर्शिता व शुचिता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## गुम और चोरी हुए 28 मोबाइल बरामद कर धारकों को सौंपे

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की ओर से चलाए जा रहे ह्यखोजे मोबाइलह्णअभियान के तहत गुम एवं चोरी हुए 28 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए।तकनीकी सहायता एवं सीईआईआर पोर्टल के सहयोग से विभिन्न थाना क्षेत्रों से बरामद मोबाइल शुक्रवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित सम्मान समारोह में धारकों को ससम्मान वापस किए गए।एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसडीपीओ सुशील कुमार ने नगर थाना क्षेत्र से 3,मुफस्सिल थाना क्षेत्र से 10, जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र से 8, बोरियो थाना क्षेत्र से 1 और मिजाचौकी थाना क्षेत्र से 6 मोबाइल उनके धारकों को सौंपे।मोबाइल वापस मिलने पर धारकों के चेहरे पर खुशी नजर आई।लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर उन्होंने साहिबगंज पुलिस की पहल की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार जताया। धारकों ने कहा कि मोबाइल में जरूरी संपर्क और व्यक्तिगत जानकारियां होने के कारण उसके गुम होने से परेशानी हो रही थी।मोबाइल वापस मिलने से उन्हें काफी राहत मिली।मौके पर एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल की सूचना समय पर पुलिस को देना बेहद जरूरी है।सूचना मिलने के बाद तकनीकी माध्यमों और सीईआईआर पोर्टल की सहायता से मोबाइल को ट्रैक कर बरामद करने की संभावना बढ़ जाती है।उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना को इसकी सूचना दें।

# राजनीति और संगठन का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान : गौतम



संवाददाता

**साहिबगंज :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर साहिबगंज नगर स्थित चैती दुर्गा चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा साहिबगंज नगर अध्यक्ष बिनोद कुमार चौधरी ने किया।इस अवसर पर भाजपा साहिबगंज जिलाध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी केवल एक महान चिंतक और संगठनकर्ता ही नहीं बल्कि राष्ट्र की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले युगद्रष्टा थे।उनका अंत्योदय का विचार और ह्यएकात्म मानववादह्ण का दर्शन आज भी राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शन करता है।उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति और संगठन का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान विकास और कल्याण को सुनिश्चित करना होना चाहिए।उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और समाजहित में निरंतर सेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामानंद साह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन सादगी, त्याग, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण है।उन्होंने भारतीय चिंतन और भारतीय संस्कृति को केंद्र में रखते हुए एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया।जिसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की कल्पना की गई है।आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को केवल स्मरण तक सीमित न रखें।बल्कि उन्हें अपने आचरण और सामाजिक जीवन में उतारें। पंडित दीनदयाल जी के आदर्शों पर चलकर ही हम एक समतामूलक,आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।बिनोद चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर हम सभी उनके विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लें। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल,जिला उपाध्यक्ष गरिमा साह,जिला मंत्री चांदनी देवी,जिला कार्यालय प्रभारी गौतम पंडित,पूर्व नगर अध्यक्ष अनंत सिन्हा,पंकज चौधरी,संजय पटेल,नगर महामंत्री संतोष चौधरी,श्वेता श्रीवास्तव, जयकांत वर्मा,अरविंद सिन्हा,मुकेश राज,चेतन शर्मा,लोकनाथ चौधरी, मुन्ना तांती,प्रमोद झा,सिकन्दर पोद्दार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## पोषण सुरक्षा सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता

**साहिबगंज :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं के पोषण स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर बोरियो प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को उनके अधिकारों सुरक्षा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें गुड टच बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण से बचाव पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम सहित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण तथा सखी वन स्टॉप सेंटर एवं आपातकालीन हेल्पलाइन की जानकारी दी गई।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुश्री पूनम कुमारी ने छात्राओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, सुरक्षित वातावरण, बेहतर शिक्षा एवं आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए विपरीत परिस्थितियों में साहस के साथ खड़े होने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता फैलाते हुए छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया तथा नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान ह्यएक पौधा बेटी के नाम पहल के तहत पौधारोपण कर बालिकाओं के सम्मान संरक्षण व उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मो. खालिद संरक्षण पदाधिकारी गैर-संस्थागत देखरेख सुश्री चंदा कुमारी अमित कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## रक्तदान शिविर में 12 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी साहिबगंज के निदेशानुसार आज रक्त अधिकोष सदर अस्पताल साहिबगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजनों को नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा।रक्तदान शिविर में कुल 12 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदाताओं के इस पुनीत प्रयास से जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। जबकि सिविल सर्जन डॉ0 रामदेव पासवान, डॉ0 मोहन मुर्मू, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, साहिबगंज शाखा से श्री चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हाक्ष केशव तिवारी, श्री मोहम्मद तूफैन अहमद सुरेश निर्मल आर.के. दास, श्री गोपाल चोखानी अनिल कुमार गुप्ता विनय झा, हरेंद्र पासवान सहित अन्य सदस्य व सहयोगी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी अनजान जरूरतमंद को जीवन देने का संकल्प है। समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, साहिबगंज द्वारा आमजनों से अपील की गई कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करें और रक्तदान जीवनदान के इस मानवीय अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## महादेवगंज क्रशर प्लांट में लाखों की चोरी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस छापामारी तेज

**साहिबगंज :** महादेवगंज के जोकमारी स्थित क्रशर प्लांट में 23 सितंबर की रात हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में जिरवाबाड़ी पुलिस जांच में जुटी है। क्रशर संचालक गोपाल यादव की शिकायत पर पुलिस ने कांड संख्या 179/26 दर्ज किया है। दूसरे दिन पुलिस ने क्षेत्र में लगे लगभग सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की। चोरी का सामान ले जाने के संभावित रास्ते पर लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए संचालक के अनुसार घटना रात करीब 11:55 बजे से सुबह 2:30 बजे के बीच हुई। करीब 15-16 अपराधी प्लांट में पहुंचे थे। कुछ अपराधी बंगला और टूटी-फूटी हिंदी में बातचीत कर रहे थे। उनके पास पिस्तौल, तलवार और चाकू जैसे हथियार भी थे। अपराधियों ने प्लांट में प्रवेश करने के करीब आधे घंटे बाद चारपहिया मालवाहक वाहन बुलाया। इसके बाद बरामदे में रखा करीब पांच लाख रुपये से अधिक कीमत का तांबे का मोटा तार, जिसका वजन लगभग छह से सात क्विंटल बताया गया है, वाहन में लोड किया गया। एक 60 एचपी का मोटर भी खोलकर ले जाया गया। अन्य सामान चोरी होने की भी शिकायत है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गये तीन मोटरों में से दो को प्लांट के पास झाड़ी से बरामद कर लिया है। अपराधियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी उखाड़कर ले गये। इसके बावजूद पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। चोरी का सामान ले जाने के संभावित रास्ते पर पुलिस ने कई लोगों के कैमरों की भी जांच की है। कबाड़ियों से भी पूछताछ छापेमारी जारी चोरी के तांबे के तार और अन्य सामान को खपाने की आशंका को लेकर पुलिस दो-तीन कबाड़ी दुकानदारों से भी लगातार पूछताछ कर रही है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ के साथ पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है।इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गोपाल यादव के दिए आवेदन के आलोक में कांड संख्या 179/26 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा छापेमारी भी की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## घर के बाहर से स्कूटी चोरी, थाने में शिकायत

संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला निवासी निशांत कुमार गुप्ता ने अपने घर के बाहर से स्कूटी चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है उन्होंने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि 24 सितंबर की सुबह करीब 2:31 बजे उन्होंने अपनी स्कूटी घर के नीचे खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो स्कूटी वहां से गायब थी।उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले में प्राथमिकी दर्ज कर स्कूटी बरामद करने की मांग की है।आवेदन के अनुसार चोरी हुई स्कूटी हीरो डुएट, रंग सफेद, वर्ष 2019 मॉडल की है स्कूटी का नंबर जेएच18एच0512 बताया गया है। इंजन नंबर जेएफ 33एसीएचओटीके13954 तथा चेसिस नंबर एमडीएल जेएस एनडी25 एच ओके15152 दर्ज है।शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया है कि घटना के बाद से वह काफी परेशान हैं और स्कूटी की तलाश में मदद की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेवानिवृत्त सूबेदार चार दिन से लापता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा पचगढ़ निवासी बिहार पुलिस के सेवानिवृत्त सूबेदार योगेंद्र पासवान 73 चार दिनों से लापता हैं उनके पुत्र पुरुषोत्तम कुमार पासवान ने थाना में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। पुलिस ने 24 सितंबर को सनहा दर्ज किया है।परिजनों के अनुसार योगेंद्र पासवान 19 सितंबर की सुबह 6:10 बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। खोजबीन में पता चला कि वे कोर्ट के पास देखे गये थे। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चलालापता होने के समय उन्होंने पजामा चेक टी-शर्ट, टोपी, जूता और चश्मा पहन रखा था। उन्हें मधुमेह और आंख की बीमारी है।

## ग्रामीणों से मिले कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान राशन पेंशन और जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर पंचायत के जीवनपुर संथाली टोला में साहिबगंज कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा और संबंधित मामलों के समाधान की मांग की।ग्रामीणों ने विशेष रूप से राशन वितरण में कटौती की शिकायत की।ग्रामीणों का आरोप था कि राशन डीलर द्वारा लाभुकों को निर्धारित मात्रा के अनुरूप राशन नहीं दिया जा रहा है राशन की मात्रा में कटौती की जा रही है।ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराकर उन्हें नियमानुसार पूरा राशन उपलब्ध कराने की मांग जिला अध्यक्ष के समक्ष रखी।इसके अलावा कई ग्रामीणों ने वृद्धावस्था पेंशन की राशि नहीं मिलने की समस्या भी बरकत खान के सामने रखी।ग्रामीणों ने बताया कि पात्र होने के बावजूद कुछ लोगों को नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हो रही है,जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने पेंशन संबंधी समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की भी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने सड़क,आवागमन, बिजली,पेयजल तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित परेशानियों को सामने रखते हुए संबंधित विभागों तक उनकी समस्याएं पहुंचाने का आग्रह किया।ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद बरकत खान ने संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उचित स्तर पर बातचीत कर समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने की बात कही।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा, ताकि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराया जा सके।एस आईआर को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूकजनसमस्याओं को सुनने के बाद बरकत खान ने ग्रामीणों को एस आईआर को लेकर भी जागरूक किया।उन्होंने ग्रामीणों से मतदाता सूची में अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम की जांच करने तथा एस आईआर से संबंधित किसी भी नोटिस या सूचना को गंभीरता से लेने की अपील की।उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यदि किसी व्यक्ति को एस आईआर से संबंधित नोटिस प्राप्त हुआ है,तो वह निर्धारित समय पर संबंधित बीएलओ के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी जानकारी एवं दस्तावेजों का सत्यापन कराएं।उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम पर विश्वास नहीं करने तथा एस आईआर से संबंधित जानकारी के लिए बीएलओ एवं अधिकृत माध्यमों से जानकारी प्राप्त करने की अपील की।बरकत खान ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से छूटे नहीं और लोगों को एस आईआर की प्रक्रिया को समझने में परेशानी न हो, इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार लोगों की सहायता और जागरूकता का कार्य कर रहे हैं।इस दौरान मुखिया शेरोफिना हेम्ब्रम, वार्ड सदस्या होपनमई मरांडी, जीवनपुर प्रधान मायनो हेम्ब्रम, कोटालपोखर प्रधान बुदलूम रजवाड़, बिनोद घोष,कारमेल हेम्ब्रम,सुहागिनी मरांडी,दुर्गा मरांडी,होपना मरांडी, सरोज मरांडी,कुलु दासी देवी,मरियम मरांडी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कृति सेनन ने पहला प्यार दूसरी बार की नई कास्ट पर बरसाया प्यार







**फिल्म** पहला प्यार दूसरी बार एक यूथ एंटरटेनर है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लव फिल्म्स द्वारा प्रेजेंट इस फिल्म को लव रंजन और अंकुर गर्ग ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। जबकि अनुज सैनी फिल्म के साथ अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म अपने जरिए स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, कुणाल वैद, साक्षी वैद्य, तुषार छिब्बर, और सरगुन कौर लूथरा जैसे नए चेहरों को इंट्रोड्यूस कर रही है।

फिल्म को लेकर बनी हुई एक्साइटमेंट में इजाफा करते हुए मेकर्स ने हाल ही में उसके मजेदार ट्रेलर को रिलीज किया। ऐसे में, फिल्म की दुनिया की इस जबरदस्त झलक ने दर्शकों में देखते ही देखते ऑनलाइन एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। ट्रेलर खुद में जवानी की उत्थल-पुथल, दोस्ती, रिलेशनशिप से लेकर खूब सारा कन्फ्यूजन, ड्रामा और रोमांस लिए हुए है। ट्रेलर किरदारों की दुनिया की एक मजेदार झलक देता है और इससे दर्शक यह जानने के लिए बेसब्र हो गए हैं कि उनकी कहानी फिल्म में कैसी होने वाली है। फिल्म के जबरदस्त ट्रेलर ने कई सेलेब्स का भी ध्यान अपनी तरफ खींचा है, ऐसे में अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस कृति सेनन का भी नाम जुड़ गया है, जिन्होंने दिल खोलकर आने वाली फिल्म की सराहना की है। कृति जिन्होंने लव रंजन की कॉकटेल 2 में काम किया है, ने फिल्म के ट्रेलर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए टीम को शुभकामनाएं देने के साथ ही नई कास्ट की भी सराहना की है। ट्रेलर शेयर करते हुए कृति ने लिखा है, उनकी क्रेजी एनर्जी वाली इस रिफ्रेशिंग कास्ट को ढेर सारा प्यार और लक! लव फिल्म्स द्वारा प्रेजेंटेड, पहला प्यार दूसरी बार को अनुज सैनी ने डायरेक्ट किया है, जबकि लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा इसे प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### 300 करोड़ पार, भौकाल बरकरार

# मिजार्पुरः द मूवी गाड़ रही कामयाबी के झंडे




**पंकज त्रिपाठी**, दिव्येंदु, अली फजल और जितेंद्र कुमार स्टारर एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की मिर्जापुरः द मूवी, वर्ल्डवाइड शानदार परफॉर्मेंस करते हुए 300 करोड़ का आंकड़ा अपने नाम कर लिया है।

भारत के सबसे बड़े कल्ट फ्रेंचाइजी में से एक को स्ट्रीमिंग की दुनिया से बड़े पर्दे पर लाते हुए फिल्म ने बड़ी संख्या में दर्शकों को दुनिया भर से अपनी तरफ आकर्षित किया है। इस तरह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब तक शानदार आंकड़ा अपने नाम कर चुकी है।

दुनिया भर में कुल 300 करोड़ की कमाई करने के बाद भी फिल्म की बॉक्स ऑफिसर पर रफ्तार कम नहीं हुई है। यहां तक कि फिल्म ने वीकडेज पर भी अच्छी कमाई करते हुए अपना मोमेंटम शानदार आंकड़ों के साथ बनाए रखा है। इस तरह से फिल्म ने सोमवार को 1।65 करोड़, मंगलवार को 1।40 करोड़ और गुरुवार को 1।20 करोड़ की कमाई अपने नाम की है।


कई नई रिलीजेज के बावजूद मिजार्पुरः द मूवी बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजबूत पकड़ बनाए हुए है। इतना ही नहीं यह फिल्म साल की तीसरी ओवरसीज सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। यह चीज फिल्म के जबरदस्त परफॉर्मेंस का सबूत है, जो देश ही नहीं बल्कि विदेशी मार्केट्स में भी महसूस करने मिल रही है। एक ओटीटी-ओरिजिनेटेड फ्रैंचाइजी द्वारा दुनिया भर में 300 करोड़ का मुकाम छूना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। फिल्म का स्ट्रीमिंग से फिल्मों तक का सफल सफर इस बात का सबूत है कि फिल्म मिर्जापुरः द मूवी खुद को एक बड़ी थिएट्रिकल सक्सेस के रूप में स्थापित करने की राह पर बस आगे बढ़ती जा रही है।

फिल्म की अपील किसी बड़े स्टार पावर से आगे बढ़ती जा रही है, इसकी दिलचस्प दुनिया और कहानी, शानदार डायलॉग, कभी न भूले जाने वाले किरदार और फ्रेंचाइजी के सफर के दौरान बनी बड़ी फैन फॉलोइंग, दर्शकों को अपने साथ बांधे हुए है और सिनेमाघरों में लगातार दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं।

फिल्म में इस बार अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौर, श्वेता त्रिपाठी और सोनल एस चौहान जैसे जाने माने चेहरे नजर आने वाले हैं। ऐसे में फिल्म की कास्ट में शामिल होते हुए कहना होगा कि यह सभी कलाकार मिजार्पुर की दुनिया को पहले से भी ज्यादा भव्य और कभी न भूलने वाला अनुभव बनाने वाले हैं।

अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रेजेंटेड मिजार्पुरः द मूवी का डायरेक्शन गुरमीत सिंह ने किया है, जबकि इसकी कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है और फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है।

# 'नजरें मिलेंगी।।लेकिन हटेंगी नहीं', भंसाली की 'लव एंड वॉर' से विक्की कौशल का फर्स्ट लुक आउट, फुल स्वैग में दिखे एक्टर




**संजय लीला** भंसाली 'हीरामंडी' के बाद अब फिल्म लव एंड वॉर से धमाका करने जा रहे हैं। फिल्म साल 2027 के पहले ही महीने में रिलीज होने जा रही है। इससे पहले फिल्म की लीड स्टारकास्ट के एक के बाद एक फर्स्ट लुक सामने आ रहे हैं। बीते दिनों रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के फिल्म से फर्स्ट लुक सामने आए थे, जिन्होंने इंटरनेट पर धमाका मचाया हुआ है। आज 26 सितंबर को विक्की कौशल का भी फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। भंसाली प्रोडक्शन ने फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया है।


मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विक्की कौशल का फर्स्ट लुक शेयर किया है। विक्की कौशल अपने फर्स्ट लुक में दमदार लग रहे हैं। विक्की कौशल का लव एंड वॉर से फर्स्ट लुक शेयर कर भंसाली प्रोडक्शन ने लिखा है, नजरें मिलेंगी, लेकिन हटेंगी नहीं'। विक्की कौशल के फर्स्ट लुक की बात करें तो वह पूरी स्वैग में नजर आ रहे हैं। उन्होंने मुंह में सिगरेट दबाई हुई और लाइटर से जलाते दिख रहे हैं। विक्की की आंखें बता रही हैं कि उनका किरदार एक अलग ही शेड में नजर आने वाला है'।

विक्की कौशल के फर्स्ट लुक पर सेलेब्स के रिएक्शन भी आने शुरू हो गये हैं। आलिया भट्ट ने विक्की कौशल के फर्स्ट लुक पर कई फायर ईमोजी पोस्ट कर इसे फायर बताया है। विक्की के छोटे भाई सनी कौशल ने लिखा है, अरे भाई।।भाई।।भाई और फायर इमोजी शेयर किए हैं। सोनम कपूर ने भी विक्की कौशल के फर्स्ट लुक पर फायर इमोजी पोस्ट किए हैं। विक्की के फैन ने भी उनके इस लुक पर कमेंट बॉक्स में फायर इमोजी की बाढ़ ला दी है।

बता दें, इससे पहले आए रणबीर कपूर के फर्स्ट लुक ने भी संजय लीला भंसाली के फैंस को चौंका दिया था और सेलेब्स ने भी खूब तारीफ की थी। वहीं, आलिया भट्टा की कैबरे लुक में आई पहली झलक अभी तक सोशल मीडिया पर छाई हुई है। फिल्म से एक-एक कर तीनों लीड स्टारकास्ट के फर्स्ट लुक सामने आ चुके हैं, जो दर्शकों को बेचैनी बढ़ाने के लिए काफी है। अब इन सभी लुक को देखने के बाद दर्शकों को फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है। फिल्म 21 जनवरी 2027 को वर्ल्डवाइड़ रिलीज होने जा रही है।

### द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट बॉक्स ऑफिस

# ओपनिंग डे पर छाई सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'परम सुंदरी' को पछाड़ा, बनी चौथी बड़ी ओपनर



**सिद्धार्थ मल्होत्रा की** फिल्म द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट ने शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत के बावजूद पहले दिन 'परम सुंदरी' और 'मरजावां' से बेहतर प्रदर्शन किया। मल्होत्रा ??के साथ तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म की शुरूआत सुबह धीमी रही, लेकिन दिन भर में रफ्तार पकड़ती गई, और सबसे ज्यादा दर्शक रात के शो में आए। मुंबई में पहले दिन सबसे अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली, जबकि अन्य जगहों पर मिलाजुला रुझान देखने को मिला।

यह फिल्म मल्होत्रा ??के करियर की सबसे अच्छी ओपनिंग-डे परफॉर्म करने वाली फिल्मों में से एक है, हालांकि यह उनकी कुछ सबसे बड़ी शुरूआती फिल्मों से पीछे है और इसे आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

दीपक कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक तर्कसंगत शहरी व्यक्ति पर केंद्रित है, जो अपने पैतृक गांव के निषिद्ध जंगल की अवहेलना करता है और एक दिव्य देवी को जागृत करता है, जिससे उसे तर्क से परे शक्तियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है क्योंकि वह एक परोपकारी बन जाता है।

पहले दिन, फिल्म द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट ने 6,746 शो में कुल 8।00 करोड़ रुपये की कमाई की। पहले दिन की इसकी कुल ग्रॉस भारतीय कमाई 9।60 करोड़ रुपये रही। हिंदी 2डी संस्करण ने शुक्रवार को सिनेमाघरों में 28।25 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की। फिल्म ने सुबह के शो में 12।23 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ शुरूआत की। दोपहर में यह बढ़कर 24।00 प्रतिशत हो गई और शाम को 26।08 प्रतिशत रही। सबसे अधिक ऑक्यूपेंसी रात के शो में 41।46 प्रतिशत रही, जो दिन के अंत में मजबूत स्पॉट बुकिंग का संकेत देती है।

मुंबई में फिल्म को पहले दिन सबसे शानदार प्रतिक्रिया मिली, जहां 491 शो में कुल ऑक्यूपेंसी 33।8 प्रतिशत रही। शहर में रात के शो के दौरान ऑक्यूपेंसी 43।0 प्रतिशत तक पहुंच गई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एम।) में, जहां सबसे अधिक 783 शो थे, कुल ऑक्यूपेंसी 28।3 प्रतिशत रही, जो सुबह 16।0 प्रतिशत से बढ़कर देर शाम तक 40।0 प्रतिशत हो गई। अहमदाबाद में 331 शो में कुल ऑक्यूपेंसी 14।0 प्रतिशत रही, जबकि दिन की शुरूआत में दर्शकों की संख्या एकल अंक में थी और रात के शो में 28।0 प्रतिशत रही।

सिद्धार्थ मल्होत्रा ??की टॉप ओपनिंग फिल्में :भारत में पहले दिन 8 करोड़ रुपये के नेट कलेक्शन के साथ, ' द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' सिद्धार्थ मल्होत्रा ??के करियर की चौथी सबसे बड़ी ओपनिंग डे कलेक्शन वाली फिल्म बन गई। इसने 'एक विलेन' (16।70 करोड़ रुपये), 'ब्रदर्स' (15।21 करोड़ रुपये) और 'थैंक गॉड' (8।10 करोड़ रुपये) से कम ओपनिंग की। वहीं, इसने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' (7।48 करोड़ रुपये), 'परम सुंदरी' (7।37 करोड़ रुपये) और 'मरजावां ' (7।03 करोड़ रुपये) से बेहतर ओपनिंग की।

# हार्दिक पंड्या फिर चोटिल, न्यूजीलैंड सीरीज खेलने पर संशय

### दाएं पैर में इंजरी, मार्च में खेला था आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला




**नई दिल्लीः** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिर चोटिल हो गए हैं। उनके दाएं पैर की आगे की हड्डी में चोट लगी है।

इस वजह से वे कम से कम 3 हफ्ते तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। चोट के कारण हार्दिक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे दोनों सीरीज नहीं खेल पाएंगे। टी-20 सीरीज 22 अक्टूबर से शुरू होगी ।वह मार्च से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

2 हफ्ते आराम, इसके बाद शुरू होगा रिहैबः बीसीसीआई के एक सूत्र के मुताबिक, हार्दिक के हालिया स्कैन में दाएं पैर के आगे की हड्डी में इंजरी सामने आई है। उन्हें 2 हफ्ते पूरी तरह आराम करने की सलाह दी गई है। बीसीसीआई मेडिकल पैनल के हेड डॉ। दिनशॉ पारदीवाला अभी जापान में हैं। उनके लौटने के बाद हार्दिक की रिपोर्ट का आकलन किया जाएगा। इसके बाद रिहैब शुरू करने का फैसला होगा।

इंडिया-ए टीम में चुने गए थे, अब ऑस्ट्रेलिया-ए सीरीज भी नहीं खेलेंगेः हार्दिक का रिर्टन टू प्ले टारगेट 20 सितंबर रखा गया था। इसी के आधार पर उन्हें ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 6 अक्टूबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए इंडिया-ए टीम में चुना गया था। नई चोट के कारण अब वे इस सीरीज से भी बाहर हो गए हैं।

एशियन गेम्स के लिए जापान जाने वाले थेः बीसीसीआई हार्दिक को एशियन गेम्स के लिए जापान जाने वाले भारतीय दल के साथ भेजना चाहता था। इसके लिए बोर्ड की ऑपरेशंस टीम ने उनके पासपोर्ट का वीजा वर्क भी शुरू कर दिया था।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक पहले फील्डिंग ड्रिल के दौरान हार्दिक को घुटने के आसपास तेज दर्द हुआ। उन्होंने कुछ दिन आराम किया। फिटनेस सर्टिफिकेट लेने की तैयारी के दौरान दर्द फिर उभर आया। इसके बाद स्कैन कराया गया, जिसमें इंजरी की पुष्टि हुई।

**4 महीने में तीसरी बार समस्या :** 32 साल के हार्दिक आईपीएल के बाद से बेंगलुरु में रह रहे हैं। वे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग कर रहे थे। पिछले 4 महीने में हार्दिक को तीन बार चोट की समस्या हुई है। अफगानिस्तान वनडे सीरीज, इंग्लैंड टी-20 सीरीज और अब ऑस्ट्रेलिया-ए सीरीज से पहले उन्हें चोट लगी। इन चोटों ने उनकी वापसी की टाइमलाइन को प्रभावित किया है।

अब जिम्बाब्वे सीरीज में वापसी पर नजरः न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर होने के बाद हार्दिक की वापसी अब जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज से हो सकती है। अगर तब तक वे फिट नहीं होते हैं तो विजय हजारे ट्रॉफी या सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलकर फिटनेस साबित करने का विकल्प होगा।

## आईआरबी छठी बटालियन के शूटर रणजीत सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर झटका गोल्ड मेडल

**धौलाकुआंः** 5वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में जिला सिरमौर के धौला कुंआ सीथित हिमाचल पुलिस के आईआरबी छटी बटालियन के शूटर एएसआई रंजीत सिंह ने 3पी सीनियर मास्टर्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया और गोल्ड अपने नाम किया। रंजीत सिंह की इस उपलब्धि पर न केवल छटी बटालियन में खुशी की लहर है अपितु पुलिस विभाग व जिला सिरमौर के लिए भी खुशी की बात है ।

रंनजीत सिंह ने इस इवेंट में एक नया मीट रिकॉर्ड बनाया है।गौर हो कि यह प्रतियोगिता 12 से 22 सितंबर तक मोहाली में आयोजित हुई।रंजीत सिंह सिरमौर ज़िला राइफल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव है।रंजीत सिंह कोलर से ताल्लुक रखते है और हिमाचल प्रदेश पुलिस से एएसआई सेवानिवृत्त है। इससे पहले भी पुलिस में रहते हुए उन्होंने ऑल इंडिया चैंपियनशिप में कई मेडल अपने नाम किए। रंजीत सिंह ने आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए 3पी राइफल 50 मीटर इवेंट में भी क्वालिफाई कर लिया है,जोकि दिसंबर में भोपाल में आयोजित होगी।

## दिल्ली की रामलीला में मचेगा भोजपुरी गदर, 'मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम' बनेंगे रवि किशन, मनोज तिवारी भी दिखाएंगे अपना जलवा



**बिहार,** यूपी और पूर्वांचल के करोड़ों दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले भोजपुरी सिनेमा के 'महानायक' और गोरखपुर सांसद रवि किशन अब एक बेहद खास और दिव्य रूप में नजर आने वाले हैं। पर्दे पर अपनी अदाकारी से लोगों के दिल जीतने के बाद अब रवि किशन दिल्ली के ऐतिहासिक मंच पर हाथ में धनुष-बाण थामे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का किरदार निभाएंगे। बिहार और भोजपुरी माटी से गहरा नाता रखने वाले रवि किशन के लिए यह भूमिका इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि लंबे समय बाद वह किसी लाइव मंच पर इतने बड़े पावन किरदार में नजर आएंगे। 'अयोध्या की रामलीला' में लगेगा भोजपुरी तड़काः दिल्ली में 10 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 'अयोध्या की रामलीला' में इस बार पूर्वांचल और बिहार के दर्शकों के लिए दोहरे जश्न का माहौल है। एक तरफ जहां रवि किशन श्रीराम बनकर मंच की शोभा बढ़ाएंगे, वहीं भोजपुरी के दूसरे दिग्गज और सांसद मनोज तिवारी भी इस रामलीला में एक बेहद खास भूमिका निभाते नजर आएंगे। दोनों ही दिग्गजों की मौजूदगी से इस बार दिल्ली का मंच पूरी तरह भोजपुरी रंग में रंगा दिखाई देगा।

न्यूज ब्रीफ

## यूएन में नेतन्याहू के भाषण का 75 देशों ने किया वॉकआउट, जमकर हुई हूटिंग



**एजेंसी/ न्यूयॉर्क:** ईरान सहित कई मुस्लिम देशों पर हमलों को लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पक्ष रखने के लिए जब नेतन्याहू मंच पर खड़े हुए, तो दुनिया के करीब 75 से अधिक देशों के राजनयिकों और प्रतिनिधियों ने उनके भाषण का पुरजोर बहिष्कार कर दिया। इस वॉकआउट को देखकर इजरायली प्रधानमंत्री पहले तो कुछ पलों के लिए शांत होकर खड़े रहे, लेकिन जल्द ही उन्होंने इस पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने वॉकआउट करने वाले प्रतिनिधियों को नैतिक रूप से कायर करार दिया।

अपने भाषण के दौरान उन्होंने एक पेजर दिखाया और वहां मौजूद लोगों को लेबनान में ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह के लड़ाकों के खिलाफ सितंबर, 2024 में इजरायल द्वारा किए गए ऑपरेशन की याद दिलाई। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले तीन सालों में इजरायली सैनिकों ने सात मोर्चों पर युद्ध लड़ा है। क्या आप न्यू जर्सी के आकार के किसी ऐसे देश के बारे में जानते हैं जो तीन साल तक सात मोर्चों पर लड़ सके? इजरायल प्रधानमंत्री द्वारा कही गई बातों का विरोध हुआ। 75 देशों के राजनयिकों ने हूटिंग की और विरोध जताते हुए हॉल से बाहर चले गए। उन्हें सिर्फ अपनी टीम का समर्थन मिला, जो खड़े होकर तालियां बजा रहे थे।

## यूपीआई पेमेंट पर लगने वाले एमडीआर का खर्च दुकानदार ही उठाएंगे, वित्त मंत्री बोलीं ये पैसा खजाने में नहीं जाएगा



**नई दिल्ली:** 2000 रुपए से अधिक की यूपीआई पेमेंट पर प्रस्तावित शुल्क पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण साफ कहा है कि मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) का चार्ज दुकानदारों से लिया जाएगा। इसका भुगतान ग्राहक नहीं करेंगे। एक इंटरव्यू में वित्त मंत्री ने बताया कि एमडीआर कोई टैक्स, सेस या फिर सरचार्ज नहीं है। यह पैसा सरकार को नहीं मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ग्राहक चिंतित होंगे, क्योंकि हम स्पष्ट कर चुके हैं कि यह ग्राहकों को नहीं देना होगा।

## छत्तीसगढ़ में सड़क पर खड़े डीजे वाहन को ट्रक ने दूर तक घसीटा, 6 लोगों की मौके पर मौत, 5 घायल,

**बालोद :** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 पर शुक्रवार सुबह एक रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा सामने आया। भारी बारिश के बीच मरकाटोला घाट में सड़क किनारे खड़े एक डीजे/धुमाल वाहन को गेहूं से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भयावह थी कि ट्रक डीजे वाहन को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दर्दनाक हादसे में डीजे वाहन में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत की सूचना है, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

**मलबे में दबे लोग, स्थानीय राहगीरों ने संभाला मोर्चा:** टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीजे वाहन के परखच्चे उड़ गए और एक व्यक्ति के ट्रक के नीचे दबे होने की बात सामने आई। हादसे के फौरन बाद स्थानीय राहगीरों और आसपास के लोगों ने अदम्य साहस दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए फौरन जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुरूर थाना पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग टीम और यातायात विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान को गति दी।

रात से लैंडस्लाइड से जूझ रहा था घाट, बड़े पत्थर ने बढ़ाई मुसीबत

मरकाटोला घाट में बीती रात से ही लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते पहाड़ी से लैंडस्लाइड (भूस्खलन) की घटनाएं सामने आ रही थीं। पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा गिरने के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही पहले से ही धीमी और बाधित थी। बताया जा रहा है कि सड़क के बीच गिरे एक भारी पत्थर के कारण वाहन रुक-रुक कर निकल रहे थे, इसी दौरान खड़े डीजे वाहन को अनियंत्रित गेहूं लदे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया।

**नेशनल हाईवे-30 पर थमी रफ्तार, पुलिस ने शुरू की जांच:** भीषण हादसे और लगातार हो रही बारिश के कारण नेशनल हाईवे-30 पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लंबा जाम लग गया। पुलिस और ट्रैफिक अमला क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और मार्ग को सुचारू कराने में जुटा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतकों और घायलों की शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है। दुर्घटना के सटीक कारणों और ट्रक की रफ्तार को लेकर तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भयंकर गुस्सा, कांग्रेस ने जाम की सड़कें

वोट चोरी का आरोप लगाते हुए इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन,1

नई दिल्ली: कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सहारे मतदाता सूची से 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम काटकर वोट चोरी करने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में युवा कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और चुनाव आयोग के कामकाज एवं निर्णय प्रक्रिया से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। असम के गुवाहाटी में कांग्रेस कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यहां पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई को हिरासत में लिया है। बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्त्व में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने कहा कि मुख्य चुनाव

# चक्रवाती तूफान अर्णब ने बिगाड़ा मौसम, पटना में लगातार बारिश, कोसी-गंडक में उफान से बाढ़ का खतरा


**पटना:** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान अर्णब के असर के कारण पिछले तीन दिनों से बिहार का मौसम पूरी तरह बदल गया है। पहले रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को परेशान किया और अब तेज हवा के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटना समेत कई जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सुबह से ही बारिश हो रही है। तेज हवा के कारण बेगूसराय और खगड़िया समेत कई जगह कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो गए। बेगूसराय के रघुनाथपुर बरारी पंचायत के श्रीनगर गांव स्थित वार्ड संख्या-7 में ईंट से बना कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में मलबे के नीचे दबकर 70 वर्षीय वृद्ध गणेश प्रसाद यादव की मौत हो गई। वहीं खगड़िया के बेलदौर प्रखंड में घर की दीवार गिरने से 10 वर्षीय शिवम कुमार की मौत हो गई। समस्तीपुर में तेज हवा और बारिश के कारण कहीं कच्चे और खपरैल मकानों को नुकसान पहुंचा है तो कहीं बिजली के पोल और तार गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है।




मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ व बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात अर्णब के प्रभाव से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। आज पटना समेत कई जगहों पर भारी बारिश भी हो सकती है। वहीं गोपालगंज, दरभंगा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, सारण, सीवान, सीतामढ़ी, कटिहार, खगड़िया, पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, बेगूसराय, कैमूर, भागलपुर, मुंगेर और रोहतास में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

पटना में बारिश के कारण जलजमाव से लोग परेशानः पटना में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण कई इलाकों में सड़के जलमग्न हो गईं हैं। इस कारण सड़क पर बने गड्ढों के कारण लगातार हादसे हो रही है। राजीव नगर, एजी कॉलोनी, कृषि नगर, गोला रोड, न्यू बायवास, 70 फीट, कंकड़बाग समेत कई जगह अलग अलग कामों के लिए सड़कें क्षतिग्रस्त की गई। इस कारण गड्ढे बन गए। अब बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाने से लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं।

## गणेश पंडाल में सो रहे लोगों पर टूटा हाईटेंशन बिजली का तार करंट से 4 युवकों की दर्दनाक मौत, मची चीख-पुकार



**मंडला :** मध्य प्रदेश के मंडला जिले से शनिवार सुबह एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। नैनपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम हीरापुर में स्थित गणेश मंच के पंडाल पर अचानक बिजली का चालू तार टूटकर गिर पड़ा। पंडाल में बिजली का करंट दौड़ते ही गहरी नींद में सो रहे चार युवकों की मौके पर ही झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। घायलों में से एक युवक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

तड़के 5 बजे हुआ हादसा, नींद में ही करंट की चपेट में आए युवकः प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हृदयविदारक घटना शनिवार सुबह करीब 5 बजे घटित हुई। बिजली के खंभे पर लगे टीसी (ट्रांसफार्मर कनेक्शन) और मीटर के पास से अचानक एक मुख्य बिजली का तार टूटकर सीधे पंडाल की टीन और लोहे के ढांचे पर गिर गया। उस वक्त पंडाल के भीतर सेवादार और स्थानीय मिलाकर करीब 7 से 8 युवक सो रहे थे। अचानक फैले जोरदार करंट ने सोते हुए युवकों को संभलने का जरा भी मौका नहीं दिया। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान जैनू भांवरे (19), रवि झारिया (24), कृष्ण कुमार भांवरे (18) और वीरेंद्र भांवरे (24) के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे प्रियांशु का अस्पताल में इलाज जारी है।

मौके पर उमड़ा ग्रामीणों का सैलाब, जांच में जुटा प्रशासनः तार टूटने और चीख-पुकार मचते ही गांव में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। नैनपुर के एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने बताया कि पुलिस, प्रशासनिक अमला और बिजली विभाग की तकनीकी टीम संयुक्त रूप से घटना की गहन जांच कर रही है। तार टूटने के तकनीकी कारणों की पड़ताल की जा रही है और प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को हर संभव त्वरित मदद पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## केंगे में क्रैश हुआ प्लेन, मिलिट्री कोर्ट प्रमुख समेत 12 लोगों की दर्दनाक मौत

**किंशासा :** मध्य अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआर कांगो) से एक बेहद दर्दनाक विमान हादसे की खबर सामने आई है। सेना का एक विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो शीर्ष सैन्य जनरलों समेत सवार सभी 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में देश की सैन्य अदालत के प्रमुख और सशस्त्र बलों के ऑडिटर जनरल जैसे उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हैं। इस भीषण त्रासदी के बाद कांगो की सेना और रक्षा महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।

**मिलिट्री कोर्ट चीफ समेत 2 लेफ्टिनेंट जनरल की दर्दनाक मौत :** कांगो सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल एफोमी एकेंगे ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस दुखद घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की पहचान मिलिट्री कोर्ट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुतोम्बो कातालायी तिएंदे और सशस्त्र बलों के ऑडिटर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल बाकुमी लिकुलिया के रूप में हुई है। प्रवक्ता के अनुसार, इन दोनों जनरलों के अलावा प्रतिनिधिमंडल के 12 अन्य सदस्य और विमान के क्रू मेंबर्स भी इस हादसे में काल के गाल में समा गए।

## यूएन में सुधारों का विरोध गलत, अड़ंगा डालने वालों को विदेश मंत्री जयशंकर ने खूब सुनाया

**एजेंसी/ न्यूयॉर्क:** अमेरिका में 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान आईबीएसए विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में व्यापक सुधार की मांग की। साथ ही तीनों देशों ने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर संघर्षों के असर (खासकर ग्लोबल साउथ में) को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई। बता दें कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका मिलकर आईबीएसए डायलॉग फोरम बनाते हैं।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लमोला और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा की बैठक हुई है। संयुक्त बयान में यूएनएससी में व्यापक सुधार की मांग की गई, ताकि सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और प्रतिनिधित्व वाली बने और उसमें आज की दुनिया की वास्तविक स्थिति बेहतर तरीके से दिखाई दे। तीनों देशों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की ज्यादा प्रभावी भागीदारी होनी चाहिए। जयशंकर ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार नहीं होने को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में हताशा बढ़ रही है। इसमें सुधारों का विरोध करने वाले देशों को इसकी वास्तव में कोई परवाह नहीं है। वास्तव में जो लोग संयुक्त राष्ट्र की परवाह करते हैं, वे इसमें सुधार चाहते हैं। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधरों का विरोध करना सरासर गलत है।

उर्जा संकट पर जताई चिंताः तीनों विदेश मंत्रियों ने दुनिया में चल रहे संघर्षों के ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहे असर को लेकर चिंता जताई। उन्होंने खासतौर पर ऊर्जा और खाद्य असुरक्षा, महंगाई और सरकारी बजट पर बढ़ते दबाव का जिक्र किया। तीनों ने ग्लोबल साउथ में रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता को तीन गुना करने का समर्थन किया। मंत्रियों ने दुनिया में ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल करने की रफ्तार को दोगुना करने और टिकाऊ ईंधन का इस्तेमाल बढ़ाने का समर्थन किया।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आठ के खिलाफ चार्जशीट, सीसीटीवी में 85 बार रकम हटाने का दावा

**अयोध्या:** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे की रकम में कथित गबन के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस की विवेचना रिपोर्ट में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैट, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), बैंकिंग लेनदेन और बरामदगी को प्रमुख साक्ष्य बनाया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला उर्फ शनि 85 बार चढ़ावे की रकम हटाकर छिपाते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिया, जबकि अन्य आरोपियों की भूमिका भी फुटेज में दर्ज होने का दावा किया गया है। रामजन्मभूमि थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 90/2026 में क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने विवेचना पूरी करने के बाद 22/23 सितंबर को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चार्जशीट दाखिल की। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में चढ़ावे की रकम हटाने और इसमें एक-दूसरे का सहयोग करने की घटनाएं सामने आईं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अविनाश शुक्ला उर्फ शनि 85 बार रकम चुराकर कपड़ों और कमर में छिपाते तथा चार बार अन्य आरोपियों की मदद करते दिखा। करुणेश पाण्डेय दो बार रकम हटाते और 68 बार सह-अभियुक्तों का सहयोग करते दिखाई दिया।



अनुकल्प मिश्रा पर 56 बार सह-अभियुक्तों की मदद करने, लवकुश मिश्रा पर एक बार रकम हटाने और 52 बार सहयोग करने तथा मनीष कुमार यादव पर 16 बार रकम हटाने और 19 बार सहयोग करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक रमाशंकर मिश्रा भी एक बार चढ़ावे की रकम हटाते हुए फुटेज में दिखाई दिया। चार्जशीट में तत्कालीन गणना कक्ष प्रभारी एवं सेवानिवृत्त बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव की भूमिका का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस का आरोप है कि उनकी मौजूदगी में रकम हटाई जाती रही और उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को आरोपियों की तलाशी लेने से यह कहते हुए रोका कि वे अपने लोग हैं और विश्वसनीय हैं। विवेचना के मुताबिक, चार जून 2026 की रात गणना कक्ष में 2.25 लाख रुपए की नोटों की गड्डियां बाथरूम में छिपाए जाने की घटना सामने आई थी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि गणना कर्मी आनंद कुमार चौधरी ने तत्कालीन महासचिव चम्पत राय के मोबाइल पर इसका वीडियो और संदेश भेजा था।

पुलिस के अनुसार, साथी कर्मचारियों को संदेह होने और गेट पर चेकिंग शुरू होने के बाद आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से रकम बाथरूम में छिपाई थी। अगले दिन कारसेवकपुरम में सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद मामले की जानकारी सामने आई और 25 जून को मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नकदी, विदेशी मुद्रा और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए जाने का दावा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अविनाश शुक्ला से 20.39 लाख रुपए नकद, 1,121 अमेरिकी डॉलर तथा सोने-चांदी के आभूषण, करुणेश पाण्डेय से 18.07 लाख, अनुकल्प मिश्रा से 16.82 लाख, लवकुश मिश्रा से 14.25 लाख और रमाशंकर मिश्रा से 7.32 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। मनीष यादव और रामशंकर यादव से भी नकदी बरामद होने की बात कही गई है। जांच में विटारा ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, अर्टिगा और बुलेट मोटरसाइकिल समेत कई वाहन जब्त किए गए।

पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया है कि कथित गबन की रकम का इस्तेमाल जमीन, मकान, वाहन और अन्य संपत्तियां खरीदने में किया गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, अनुकल्प मिश्रा के पिता के नाम पर कौशलपुरी में करीब 55 लाख रुपए का मकान खरीदा गया, जिसमें कथित तौर पर 54.5 लाख रुपए अपराध से अर्जित रकम के इस्तेमाल का दावा है। इसके अलावा करीब 7.33 लाख रुपए भागवत कथा के आयोजन में खर्च किए जाने की बात सामने आई है।लवकुश मिश्रा पर पत्नी के नाम 22.52 लाख रुपए की जमीन खरीदने और मकान निर्माण में 20.91 लाख रुपए खर्च करने का आरोप है। रमाशंकर मिश्रा द्वारा 12 लाख रुपए का प्लॉट खरीदने तथा महंगे कैमरे और सोने की अंगूठियां लेने का भी चार्जशीट में उल्लेख है। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू पर बेटे के नाम 9.50 लाख रुपए की संपत्ति खरीदने का आरोप लगाया गया है।

चार्जशीट में कुल 133 गवाहों के बयान शामिल किए गए हैं। इनमें शिकायतकर्ता कृष्णमोहन, मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल जी, बैंककर्मी, सुरक्षा कर्मी और फॉरेंसिक ऑडिटर समेत अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन, व्हाट्सऐप चैट और सीडीआर को भी विवेचना का हिस्सा बनाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इन डिजिटल साक्ष्यों से आरोपियों के बीच लगातार संपर्क और रकम को छिपाने तथा बाहर ले जाने से संबंधित बातचीत की पुष्टि होने का दावा किया गया है। मामले में नामजद सभी आठ आरोपी–अविनाश शुक्ला उर्फ शनि, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, करुणेश पाण्डेय, रमाशंकर मिश्रा, मनीष कुमार यादव, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव–वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने अदालत के समक्ष उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अदालत में आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के तहत होगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## अकीलपुर पंचायत में घटिया सड़क निर्माण का आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग

**दिघवारा/सारण :** दिघवारा प्रखंड की अकीलपुर पंचायत सहित दियारा क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों की खराब स्थिति को लेकर सवाल उठाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि कई सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और मानकों की अनदेखी के कारण सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गईं।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कुछ सड़कें बाढ़ से पहले ही जगह-जगह क्रैक हो गई थीं, जबकि बाद में आई बाढ़ से उनकी स्थिति और खराब हो गई। उनका आरोप है कि अब सड़क क्षति के लिए पूरी तरह बाढ़ को जिम्मेदार बताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने सारण के जिलाधिकारी से अकीलपुर पंचायत में पिछले पांच वर्षों के विकास कार्यों, विशेषकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता और खर्च की निष्पक्ष जांच कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

## विश्वभारती में हिंदी पत्रकारिता का सफर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**शांतिनिकेतन :** विश्वभारती विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग और केंद्रीय हिंदी निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ह्यहिंदी पत्रकारिता का सफर : बदलती भाषा, बदलते तेवरह्न संपन्न हुई। संगोष्ठी में देशभर से आए पत्रकारों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, बदलती भाषा, एआई, बाजारीकरण और कॉरपोरेट प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

उद्घाटन सत्र में ह्यभाषाह्न और ह्यसमागमह्न पत्रिकाओं का लोकार्पण हुआ। प्रो. मुक्तेश्वर नाथ तिवारी ने ह्यउदंत मार्तंडह्न से डिजिटल युग तक हिंदी पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला। विभिन्न सत्रों में मीडिया की विश्वसनीयता, संपादकीय स्वायत्तता, हिंग्लिश, प्रेस स्वतंत्रता, पूर्वोत्तर की उपेक्षा और स्थानीय पत्रकारों की चुनौतियों पर विचार रखे गए।

शोधार्थियों ने भी अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। दोनों दिनों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश भगत के धन्यवाद ज्ञापन और आश्रम संगीत के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## मुनि बाबा धर्मशाला में भगवान गणेश की स्थापित प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**बिनय मिश्रा :** चक्रधरपुर के ऐतिहासिक स्थल के रूप में पहाचने जाने वाला मुनी बाबा धर्मशाला में विगत 11 दिनों से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित रहने के पश्चात आज विसर्जित हुएइस अवसर पर भक्तजन श्रद्धालु गणऔर लोगों ने भगवान गणेश को नम आंखों से विदाई दिया और गणपति बाबा से निवेदनकिया कि जय गणपति बाबा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ 11 दिनों से भगवान गणेश मुनि बाबा धर्मशाला में विराजित थे और आज अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जित किए गए इस अवसर पर अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन श्रद्धालु लोग उपस्थित थे गणेश भगवान को उनके प्रिय लड्डू भी चढ़ाए गए तथा भक्त जनों के बीच प्रसाद के रूप में बुंदिया का भी व्यापक रूप से वितरण किया गया 1946 से स्थानीय मुनि बाबा धर्मशाला में भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना प्रारंभ हुआ है और इस प्रकार से इस वर्ष भगवान गणेश की 80 वर्ष पूर्ण हो चले हैं और भगवान गणेश की पूजा अर्चना आचार्य आनंद पाठक के द्वारा संपादित होता है।

## लातेहार पुलिस ने बरामद किए 20 गुम मोबाइल, असली मालिकों को सौंपा

**लातेहार :** गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर लातेहार पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साइबर सेल की टीम सि ई आई आर पोर्टल के माध्यम से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद करने में जुटी है।

इसी क्रम में 25 सितंबर 2026 को पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), लातेहार द्वारा 20 बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर संबंधित लोगों ने लातेहार पुलिस के प्रति आभार जताया।

पुलिस के अनुसार, गुम हुए मोबाइल फोन की सूचना दर्ज कराने के लिए नागरिक सि ई आई आर पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा अपने नजदीकी थाना में भी मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है।

लातेहार पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में बिना देर किए इसकी सूचना पुलिस को दें और सि ई आई आर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रैक कर बरामद करने की कार्रवाई की जा सके।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 86 लाभुकों को अनुदान देने की मंजूरी

**लातेहार :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के बाद कुल 86 आवेदनों को अनुदान राशि प्रदान करने के लिए अनुमोदित किया गया। इनमें अनुसूचित जाति के 56, अनुसूचित जनजाति के 15 तथा पिछड़ी जाति के 15 लाभुक शामिल हैं। अनुमोदित आवेदनों में एक आवेदन कैंसर पीड़ित मरीज का भी है। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी पात्र लाभुकों को अविलंब मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की अनुदान राशि हस्तांतरित की जाये। उन्होंने योजना का लाभ सुयोग्य लाभुकों को ससमय उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र से हुसैनाबाद का 40 वर्षीय युवक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बैराव (नावाडीह) निवासी 40 वर्षीय राजा विश्वनाथ पाल महाराष्ट्र के कल्याण से लापता हो गया है। उसके भाई दिनेश विश्वनाथ पाल ने महात्मा फुले चौक थाना, कल्याण (पश्चिम) में शिकायत दर्ज कर अपहरण कर बंधक बनाए जाने की आशंका जताई है। बताया गया कि राजा 9 सितंबर की रात गांव जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन अब तक हुसैनाबाद नहीं पहुंचा है। उसका मोबाइल भी बंद है। परिजनों ने महाराष्ट्र और झारखंड में उसके परिचितों से काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

# बनमालीपुर में जनजातीय महोत्सव नृत्य प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** बनमालीपुर, चक्रधरपुर में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में लट्टू उरांव कल्याण समिति, बनमालीपुर के सौजन्य से तीन दिवसीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 से 20 अक्टूबर 2026 तक चलेगा।

महोत्सव के दौरान विभिन्न जनजातीय नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 18 अक्टूबर को चक्रधरपुर विधानसभा स्तरीय क्षेत्रीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता, स्थानीय नृत्य प्रतियोगिता तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला स्तरीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं 19 अक्टूबर को पश्चिमी सिंहभूम जिला स्तरीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक छऊ नृत्य प्रतियोगिता तथा 20 अक्टूबर को चक्रधरपुर विधानसभा स्तरीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।



आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। 19 एवं 20 अक्टूबर को नागपुरी कलाकारों द्वारा विशेष नृत्य प्रस्तुति भी दी जाएगी।

इस आयोजन को लेकर चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि जनजातीय संस्कृति, लोककला और परंपराओं को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि चक्रधरपुर क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय एवं लोक सांस्कृतिक परंपरा हमारी पहचान है और इसे आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने आयोजन समिति को महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

आयोजन समिति की ओर से अधिक से अधिक लोगों से महोत्सव में शामिल होकर जनजातीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने की अपील की गई है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

संवाददाता

**चंदवा :** लातेहार मोड़ स्थित पथ निर्माण विश्रामागार (आईबी) में शुक्रवार को भाजपा चंदवा मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चंदवा मंडल पश्चिमी के अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा ने की। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संदेश दिया। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेरणा देते हैं।

कार्यकताओं ने उनके आदर्शों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही जरूरतमंद लोगों के बीच सेवा कार्यों को और गति देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में दीपक निषाद, आदर्श रवि राज, शिवकेश्वर यादव, विनोद गुड्डू, संटू गुप्ता, मनोज पाठक, मुरारीलाल साहू, शिवनाथ यादव, रवि सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हार्डकोर नक्सली राजू भुइयां के घर चिपकाया इश्तेहार

संवाददाता

**लातेहार :** कई वर्षों से फरार चल रहे भाकपा माओवादी के कथित हार्डकोर नक्सली राजू भुइयां के विरुद्ध लातेहार पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस ने उसके पैतृक गांव पहुंचकर ढोल बजाकर ग्रामीणों को उसके फरार होने की जानकारी दी और न्यायालय से निर्गत इश्तेहार का विधिवत तामिला कराया।

पुलिस के अनुसार राजू भुइयां, पिता स्व. छोटेलाल भुइयां, ग्राम लावाही कला, थाना डंडई, जिला गढ़वा का निवासी है। वह लातेहार थाना कांड संख्या 38/22, दिनांक 19 फरवरी 2022 का प्राथमिकी अभियुक्त है। मामले में उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 353, 307, 120बी, 27 आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट तथा 10/13 यूएपी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है।

एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर लातेहार थाना के एसआई राजा दिलावर पुलिस बल के साथ राजू भुइयां के गांव पहुंचे। पुलिस टीम ने ढोल बजाकर ग्रामीणों को उसके फरार रहने और न्यायालय की कार्रवाई की जानकारी दी। इसके बाद न्यायालय से जारी इश्तेहार को उसके घर पर चस्पा कर विधिवत तामिला कराया गया।

पुलिस ने राजू भुइयां की मां ललिता कुंवर एवं पत्नी अनिता देवी को निर्देश दिया कि 10 नवंबर 2026 तक राजू भुइयां को न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कराया जाए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मलवारिया की मिट्टी से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचेंगे कबड्डी के खिलाड़ी, सुविधाओं की कमी बनी सबसे बड़ी बाधा

मेट्रोरेज संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के लोटनिया पंचायत स्थित मलवारिया गांव में कबड्डी की प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में भी अपनी पहचान बनाने के लिए पसीना बहा रही हैं। गांव के हाई स्कूल परिसर में अभ्यास कर रहे बालक-बालिका खिलाड़ियों से कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। खिलाड़ियों के अभ्यास और खेल के प्रति जुनून को देखते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें बेहतर मंच और सुविधाएं देने की है।

कर्नल सिंह ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब ग्रामीण युवाओं को शिक्षा के साथ खेल और करियर के क्षेत्र में भी उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की कबड्डी टीमों में हुसैनाबाद के खिलाड़ियों की भागीदारी पहले भी उल्लेखनीय रही है। इसके बावजूद मलवारिया के खिलाड़ियों को न तो समुचित कबड्डी मैदान उपलब्ध है और न ही जरूरी खेल सामग्री। खिलाड़ी हाई स्कूल के प्रांगण में सीमित संसाधनों के बीच अभ्यास कर रहे हैं।



उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी जय कुमार के ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। साथ ही पलामू उपायुक्त, जिला खेल पदाधिकारी और राज्य खेल प्राधिकरण से हुसैनाबाद में कबड्डी के लिए उपयुक्त मैदान विकसित करने, मैट, ड्रेस और किट उपलब्ध कराने तथा प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था करने की मांग की।

कर्नल सिंह ने बालक-बालिकाओं के लिए नियमित प्रशिक्षण शिविर, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए यात्रा सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा गांव में पैदा हो सकती है, लेकिन उसे राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था और अवसर दोनों जरूरी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि यह केवल एक मुलाकात नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में शुरूआत है।

## व्यवसायियों ने किया सांसद विष्णु दयाल राम का भव्य अभिनंदन

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले जनप्रिय एवं सांसद विष्णु दयाल राम जी के निरंतर ऐतिहासिक एवं विकासगामी कार्यों से प्रभावित होकर आज क्षेत्र में अपार उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में चैनपुर एवं शाहपुर के सम्मानित एवं वरिष्ठ व्यवसायियों का एक प्रतिनिधिमंडल मेदिनीनगर स्थित सर्किट हाउस पहुँचा, जहाँ उन्होंने अपने जननायक सांसद का अत्यंत गर्मजोशी, भव्य स्वागत किया।

। व्यवसायियों ने सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी को पुष्पगुच्छ (बुके) देकर सम्मानित किया। व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि सांसद महोदय के दूरदर्शी नेतृत्व में पलामू लोकसभा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर, व्यापारिक सुगमता और जन-सुविधाओं का जो अभूतपूर्व विकास हुआ है, वह ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय है।

क्षेत्रीय समस्याओं पर सार्थक चर्चा एवं त्वरित समाधान का आश्वासन

अभिवादन एवं अभिनंदन समारोह के उपरांत, चैनपुर और शाहपुर क्षेत्र के सम्मानित व्यवसायियों ने सांसद जी के समक्ष अपने-अपने व्यापारिक एवं स्थानीय जन-समस्याओं को प्रमुखता से रखा। व्यापारियों द्वारा उठाई गई प्रमुख बातों को सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी ने अत्यंत संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने व्यवसायियों को आश्वस्त करते हुए कहाः

पलामू का विकास और यहाँ के प्रत्येक नागरिक तथा व्यवसायी वर्ग की खुशहाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपकी समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र एवं यथासंभव समाधान कराया जाएगा।₹

जन-विश्वास का प्रतीक बने सांसद वीडी राम

सांसद महोदय के इस त्वरित एवं सकारात्मक आश्वासन से व्यवसायियों में काफी खुशी और संतोष देखा गया। मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे तथा व्यवसाय संतोष गुप्ता अखिलेश प्रसाद बड़कू सिंह राजू गुप्ता मुकेश जायसवाल राकेश जयसवाल पिंटू गुप्ता राजा जायसवाल अनूप गुप्ता दिलीप प्रसाद गुड्डु गुप्ता सभी लोगों ने एक स्वर में सांसद जी के प्रति आभार व्यक्त किया और पलामू के सर्वांगीण विकास के लिए उनके हाथों को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं व्यापारिक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रेस्क्यू अभियान में जुटी बाल संरक्षण की टीम, बच्चों की सुरक्षा पर जोर



संवाददाता

**लातेहार :** बाल संरक्षण को लेकर चलाये जा रहे रेस्क्यू अभियान के दौरान शुक्रवार को बाल संरक्षण से जुड़ी टीम ने सक्रिय भूमिका निभायी। अभियान में बाल संरक्षण पदाधिकारी लातेहार रीना कुमारी, बाल कल्याण समिति लातेहार के सदस्य कुंदन गोप, वेदिक सोसाइटी लातेहार के समन्वयक प्रेम प्रकाश तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की केस वर्कर मुक्ति प्रकाश खलखो शामिल रहीं।

टीम ने रेस्क्यू अभियान के दौरान बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही बच्चों के अधिकार, सुरक्षा और पुनर्वास को लेकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की गयी।

बाल संरक्षण टीम की सक्रियता से रेस्क्यू अभियान को प्रभावी बनाने में मदद मिली। अधिकारियों और संबंधित संस्थाओं के समन्वय से बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गयी।

# संविधान निर्माण में झारखंड की आवाज : सेंट्रल हॉल में इतिहास को स्थान देने का समय

हृदयानंद मिश्र

**भा**रत का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है। यह स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष, सामाजिक न्याय की आकांक्षा, लोकतांत्रिक चेतना और विविधताओं से भरे भारत को एक सूत्र में बांधने के संकल्प का परिणाम है। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि तत्कालीन बिहार के उस भूभाग की आवाज भी संविधान निर्माण की प्रक्रिया में मौजूद थी, जो आज झारखंड है।

संविधान सभा के अभिलेखों में जयपाल सिंह मुंडा, देवेन्द्रनाथ सामंत, बोनीफास लकड़ा, रामनारायण सिंह, कृष्ण बल्लभ सहाय, यदुवंश सहाय, अमिय कुमार घोष और बिनोदनंद झा जैसे नाम मिलते हैं। संविधान सभा की सदस्य-सूचियों में अमिय कुमार घोष और ह्लखंडुिंल्ल२ रँ८ह्व जैसे नाम दर्ज हैं तथा संविधान सभा की बहसों में इनके हस्तक्षेप भी उपलब्ध हैं।

आज प्रश्न केवल यह याद करने का नहीं है कि ये लोग कौन थे। प्रश्न यह है कि क्या झारखंड अपने संवैधानिक इतिहास को आने वाली पीढ़ियों के लिए उसी गंभीरता से सुरक्षित करेगा, जिसके वह योग्य है?

सेंट्रल हॉल में तैलचित्र की पहल

इसी विचार से मैंने झारखंड विधानसभा के माननीय अध्यक्ष के समक्ष अनुरोध रखा था कि संविधान सभा में झारखंड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले इन महान व्यक्तित्वों के तैलचित्र विधानसभा के सेंट्रल हॉल में लगाए जाएं। माननीय विधानसभा अध्यक्ष ने मेरे अनुरोध पर इस प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की थी।

अब इस निर्णय के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

मेरे विचार में यह किसी व्यक्ति या संस्था के पक्ष में किया जाने वाला सामान्य स्मृति-कार्य नहीं है। विधानसभा स्वयं लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं का प्रतीक है। इसलिए उसके सेंट्रल हॉल में संविधान निर्माण से जुड़े क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति अपने आप में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संदेश होगी।

यह भी उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा अपने इतिहास, संसदीय परंपराओं और जनप्रतिनिधियों के दस्तावेजीकरण को महत्व देती रही है। विधानसभा की रजत जयंती के अवसर पर भी सदन से संबंधित प्रकाशनों और जनप्रतिनिधियों के जीवन-परिचय ग्रंथ का लोकार्पण किया गया था।



यदुवंश सहाय : पलामू की आवाज संविधान सभा तक

इन आठ व्यक्तित्वों में यदुवंश सहाय–यदु बाबू– का स्थान पलामू के लिए विशेष महत्व रखता है।

संविधान सभा की 5 सितंबर 1949 की बहस में खंडुिंल्ल२ रँ८ ने अनुसूचित क्षेत्रों और आदिवासी समाज से जुड़े संवैधानिक प्रश्नों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने आदिवासी समाज की गरीबी, आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन तथा उनके विकास के प्रश्नों को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के बाहर रहने वाले अधिक पिछड़े आदिवासी समुदायों की ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

आज जब हम संविधान की सामाजिक न्याय की भावना की बात करते हैं, तब संविधान सभा की उन बहसों को फिर से पढ़ना आवश्यक हो जाता है। यदुवंश सहाय का योगदान केवल इतिहास की किताब का विषय नहीं, बल्कि पलामू की संवैधानिक विरासत का हिस्सा है।

अमिय कुमार घोष : बहसों में दर्ज एक सक्रिय आवाज

अमिय कुमार घोष का नाम भी संविधान सभा की कार्यवाही में स्पष्ट रूप से मिलता है। 30 नवंबर 1948 की बहस में उन्होंने संविधान के एक प्रस्ताव पर अपना मत रखा और राज्य के अधिकारों तथा शासन से जुड़े प्रश्नों पर विचार व्यक्त किया।

संविधान सभा की कार्यवाही का महत्व यही है कि वह हमें केवल सदस्यों की सूची नहीं देती, बल्कि यह भी बताती है कि उन प्रतिनिधियों ने सदन में क्या कहा और किन विषयों पर अपनी राय रखी। इसलिए अमिय कुमार घोष की स्मृति को भी केवल नाम तक सीमित करने के बजाय उनके संसदीय योगदान को दस्तावेजों के साथ सामने लाया जाना चाहिए।

तैलचित्र के साथ जीवन-परिचय भी हो

मेरा सुझाव है कि सेंट्रल हॉल में यदि इन आठ महान संविधान सभा सदस्यों के तैलचित्र लगाए जाते हैं, तो प्रत्येक तैलचित्र के नीचे संक्षिप्त प्रमाणिक जीवन-परिचय भी अंकित किया जाए।

उसमें तीन बातें स्पष्ट रूप से हों–
स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान;
संविधान सभा में उनकी भूमिका;
झारखंड क्षेत्र से उनका ऐतिहासिक संबंध।

इससे विधानसभा आने वाले विद्यार्थी, शोधार्थी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक केवल चेहरा नहीं देखेंगे, बल्कि उस व्यक्ति के ऐतिहासिक योगदान को भी समझ सकेंगे।

इतिहास को स्मारक नहीं, अध्ययन का विषय बनाना होगा

मेरे लिए यह अभियान केवल तैलचित्र लगाने तक सीमित नहीं है। पलामू में यदुवंश सहाय और अमिय कुमार घोष की स्मृति में सार्वजनिक स्थलों के नामकरण, प्रतिमा स्थापना और उनके योगदान को प्रदर्शित करने की मांग भी इसी व्यापक सोच का हिस्सा है। इस संबंध में प्रशासन के समक्ष ज्ञापन और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पहल की गई है।

आखिर जिस समाज को अपने इतिहास का ज्ञान नहीं होता, उसकी नई पीढ़ी अपने वर्तमान की जड़ों को कैसे समझेगी?